

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 233 | ग्वालियर, मंगलवार, 13 जून 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### अब डिफॉल्टर को भी लोन देंगे बैंक, आरबीआई ने की घोषणा



**नई दिल्ली।** अगर आप कोरोनाकाल में अपना पर्सनल या कोई और लोन नहीं चुका पाएं हैं. जिसके चलते आपको बैंक ने डिफॉल्टर घोषित कर दिया है तो आपके लिए खुशखबरी है. अब आप फिर से बैंक से लोन ले सकेंगे. आरबीआई की गाइडलाइन के मुताबिक कोरोनाकाल के कर्जदारों को विलफुल डिफॉल्टर की कैटेगिरी में रखा गया है. आरबीआई की गाइडलाइन के मुताबिक ऐसे डिफॉल्टरों से बैंक बात करके अपना पैसा निकलाने की कोशिश करेंगे. साथ ही इसके लिए बैंक लोन भी आपको ऑफर किया जाएगा। दरअसल कोरोनाकाल की महामारी ने ऐसे व्यक्तियों को बैंक का डिफॉल्टर घोषित करा दिया है. जो वास्तव में डिफॉल्टर होना नहीं चाहते थे. ऐसे देश में लाखों लोग हैं जो चाहकर भी कोरोनाकाल के बाद अपना पर्सनल लोन, क्रेडिट कार्ड लोन आदि चुकता नहीं कर पाए हैं. ऐसे लोगों को बैंक ने डिफॉल्टर घोषित कर दिया है. साथ ही उनका क्रेडिट स्कोर भी बहुत कम हो गया है. ऐसे ग्राहकों से बात करने को कहा गया है. साथ ही किसी भी तरह उनसे 12 माह में पैसा रिकवर करने की बात कही गई है. इसके लिए बैंक द्वारा डिफॉल्टरों को लोन भी ऑफर किया जाएगा। अब ऐसे में एक सवाल खड़ा होता है कि क्या सिबिल स्कोर में सेटलमेंट का ठप्पा दिखाई देगा. क्या उन्हें फिर से बैंक फेयर समझने लगेगा. हालांकि इसके लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने अभी तक स्पष्ट नहीं किया है. क्योंकि यदि सिबिल में सेटेल्ड का ठप्पा लगता है तो उसे बैंक डिफॉल्टर ही समझता है. साथ ही उसे लोन देने में आनाकानी करता है. या यूं समझिये कि उसे लोन नहीं मिलता है.

### आसमान से बरस रही आग, चिलचिलाती गर्मी से कब मिलेगी राहत




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत देश के अधिकांश इलाकों में इस समय भयंकर गर्मी पड़ रही है. पिछले कुछ दिनों से तो मानों की आसमान से आग ही बरस रही है. भीषण गर्मी के साथ ही तेज लू के थपेड़ों ने भी लोगों की शामत ला दी है. ऐसे में लोगों को न घर में चैन है और न घर के बाहर राहत. सुबह सूरज निकलने के साथ ही शुरू होने वाली चिलचिलाती गर्मी का ताप रात को भी कम नहीं होता. भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार आज दिल्ली में मैग्जीमम टेंपरेचर 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड किया गया. मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर में फिलहाल गर्मी से राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है. मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार राजधानी दिल्ली में तेज हवाओं का दौर तो जारी है, लेकिन गर्मी से फिलहाल कोई राहत मिलती नजर नहीं आ रही है. आने वाले कुछ दिनों में भी मौसम साफ और शुष्क बना रहने की संभावना है. आज यानी 12 जून को मिनिमम टेंपरेचर 28 डिग्री सेल्सियस और मैग्जीमम टेंपरेचर 42 डिग्री सेल्सियर दर्ज किया गया. हालांकि कुछ राज्यों में बारिश की संभावना भी जताई जा रही है. मौसम संबंधी पूर्वानुमानों से जुड़ी प्राइवेट एजेंसी स्काईमेट ने बताया कि अगले कुछ घंटों में नॉर्थ-ईस्ट के कुछ राज्यों में हल्की या मध्यम बारिश पड़ सकती है. इसके साथ ही दक्षिण भारत के राज्यों जैसे तटीय कर्नाटक व केरल के साथ अंडमान और निकोबार में भी बारिश की संभावना है. आपको बता दें कि देश के तटीय राज्यों में चक्रवाती तूफान बिपरजॉय का खतरा बढ़ता जा रहा है. जिन राज्यों में चक्रवात का सबसे ज्यादा खतरा है, उनमें महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा शामिल है. चक्रवात के असर से इन राज्यों में तेज हवाएं चल सकती हैं. जबकि समुद्र तट पर ऊंची-ऊंची लहरें उठ सकती हैं.

### युवक ने किया शार्क मछली के साथ डांस



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया कब क्या देखने को मिल जाए कुछ पता नहीं होता है. कई बार ऐसे वीडियोज देखने को मिल जाते हैं, जिन्हें देखने के बाद हैरानी होती है. वीडियो देखकर लगता है कि क्या वाकई ऐसा हो सकता है। हम आपके साथ जो वीडियो शेयर करने जा रहे हैं वह अपने आप में हैरान कर देने वाला है. अगर हम आपसे कहें कि एक युवक शार्क के साथ डांस कर रहा है तो क्या आप यकीन कर पाएंगे। इसे पढ़कर यकीन नहीं हो रहा है, लेकिन इस वीडियो ने सारे भ्रम तोड़ दिए हैं. वायरल वीडियो में आप देख सकते हैं कि एक युवक मछली के साथ पानी में नजर आ रहा है. युवक मछली पकड़ता नजर आ रहा है. वीडियो को ध्यान से देखेंगे तो पता चलेगा कि युवक मछली के साथ डांस कर रहा है. वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि युवक मछली के साथ कपल की तरह डांस कर रहा है. इसमें सबसे हैरानी की बात यह है कि मछली भी युवक का साथ दे रही है. वही मौजूद लोग वीडियो बना रहे हैं. आपको यह वीडियो कैसा लगा जरूर बताएं. इस वीडियो एक इंस्टाग्राम यूजर ने शेयर किया है. वीडियो को कई लाख लोगों ने देख लिया है. वीडियो पर लोगों के रिएक्शन भी देखने को मिल रहा है. एक यूजर ने लिखा कि बस इतना डांस मत करो नहीं तो उसका शार्क बॉयफ्रेंड खफा हो जाएगा. एक यूजर ने लिखा कि आपको दूसरे वाले को भी नज़रअंदाज़ नहीं करना चाहिए. क्या आपने देखा नहीं। उसे बुरा लग रहा है. एकर यूजर ने लिखा कि भाई ने शानदार डांस किया है और मछली ने भाई खूब इंजॉय किया. एक यूजर ने लिखा कि क्या वाकई में शार्क इतना शानदार डांस कर सकती है. एक यूजर ने लिखा कि यार मुझे भी डांस करना है. वीडियो पर कई लोगों के रिएक्शन चौंकाने वाले हैं.

## बीजेपी महिला नेता की हत्या कर शव हाईवे के पास फेंका

**गुवाहाटी।** असम के गोलपारा जिले में भाजपा की एक महिला नेता की कथित तौर पर हत्या कर दी गई और शव को हाईवे के पास फेंक दिया गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। मृतका की पहचान जोनाली नाथ के रूप में हुई है जो पार्टी की जिला सचिव के पद पर कार्यरत थी। वह ग्वालपाड़ा के मटिया गांव की रहने वाली थी। ग्रामीणों ने रविवार रात शालपारा इलाके के पास नेशनल हाईवे 17 से शव बरामद किया, जिन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, नाथ के शरीर पर चोट के कई निशान थे, जो हत्या से पहले गंभीर हमले का संकेत देते हैं। उन्हें आखिरी बार रविवार



दोपहर एक स्थानीय बाजार में देखा गया था। उनके पति ने बताया कि वे लगातार उन्हें कॉल करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन उनका फोन स्विच ऑफ था। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। घटना की जांच की जा रही है। इस बीच, असम भाजपा के अध्यक्ष भाबेश कलिता ने इस घटना पर नाराजगी जताते हुए कहा कि हत्या करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। असम के मंत्री अशोक सिंघल ने ट्विटर पर लिखा, न्याय सुनिश्चित करने के लिए घटना की गहन जांच की जाएगी। हम इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के पीछे की सच्चाई को उजागर करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शोक संतप्त परिवार और दोस्तों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदनाएं हैं। हम श्रीमती जोनाली नाथ की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं।

## बेंगलुरु में गीजर की जहरीली गैस से वॉशरूम में कपल की मौत

**बेंगलुरु।** एक दुःखद घटना में यहां एक कपल अपने घर के वॉशरूम में मृत पाया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि कपल की मौत वॉशरूम में गीजर से निकली जहरीली गैस के कारण हुई है। घटना बेंगलुरु के येलहंका तालुक के ताराबनाहल्ली गांव में हुई। मृतकों की पहचान चामराजनगर जिले के चंद्रशेखर और बेलगावी जिले की सुधा रानी के रूप में हुई है। दोनों बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास एक स्टार होटल में काम करते थे। पुलिस के मुताबिक, दोनों शादी से पहले कुछ वक्त साथ बिता रहे थे। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया है कि दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में थे। पुलिस ने कहा कि पीड़ितों ने वॉशरूम की खिड़कियां और दरवाजे बंद कर दिए थे और गीजर से निकली कार्बन मोनोऑक्साइड गैस सांस के साथ अंदर लेने से दम तोड़ दिया। उनकी मौत के एक दिन बाद यह घटना सामने आई। होटल के कर्मचारी रविवार दोपहर उनकी तलाश में आए और जब पीड़ित के घर के अंदर से कोई जवाब नहीं आया तो पुलिस को बुलाया। पुलिस को दरवाजा तोड़ना पड़ा और बाद में शव वॉशरूम में पड़े मिले। अभी और विवरण की प्रतीक्षा है।



## श्रीनगर में भीख मांगने के लिए मजबूर किए गए बच्चों को छुड़ाया



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर जिले में किशोर न्याय बोर्ड के अधिकारियों और स्थानीय पुलिस ने भीख मांगने के लिए मजबूर किए गए कई बच्चों को सोमवार को छुड़ाया। पुलिस ने बताया, किशोर न्याय बोर्ड और पुलिस की एक टीम ने श्रीनगर शहर के बाहरी हिस्से में पारिंपोरा इलाके में छापेमारी कर कई स्थानीय और गैर-स्थानीय बच्चों को छुड़ाया जिनसे ब्रोकर जबरन भीख मंगवा रहे थे। छुड़ाए गए बच्चों में तीन पारिंपोरा इलाके के ही हैं जबकि अन्य बच्चे दूसरे इलाकों के हैं। कानून की प्रासंगिक धाराओं के तहत रैकेट के खिलाफ मामला दर्ज किया जा रहा है। अभी और विवरण की प्रतीक्षा है।

## पीएम मोदी 70 हजार लोगों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से करीब 70 हजार लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इस अवसर पर वह नियुक्ति पत्र पाने वालों को संबोधित भी करेंगे। देश भर में 43 स्थानों पर 13 जून को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। ये नियुक्तियां केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों में की जा रही हैं। इनमें वित्तीय सेवा, पोस्ट, रक्षा, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, राजस्व, स्वास्थ्य तथा अन्य विभाग शामिल हैं।



## नीदरलैंड के यूट्यूबर से बेंगलुरु में मारपीट की कोशिश, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

**बेंगलुरु।** नीदरलैंड के एक यूट्यूबर को बेंगलुरु में कुछ लोगों द्वारा परेशान किया गया। इस मामले में कर्नाटक पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। यह घटना चिकपेट इलाके में हुई। प्रेडो मोटा, जो दो महीने के लिए कर्नाटक के दौरे पर हैं, राज्य की राजधानी के आंतरिक हिस्सों का वीडियो बना रहे थे। इस दौरान स्थानीय निवासी उनसे सवाल करना शुरू कर देता है कि वह पब्लिक प्लेस पर शूट क्यों कर रहा है। इस दौरान कुछ लोग उन पर हावी हो गए। लेकिन यूट्यूबर मौके से भागने में सफल रहा। घटना की तस्वीरें और वीडियो हासिल करने वाले मुदस्सिर अहमद ने सोशल मीडिया पर घटना की निंदा करते हुए एक पोस्ट किया और लिखा, चिकपेट में इस बेतरतीब आदमी ने एक विदेशी को परेशान किया, क्या हम अपने मेहमानों के साथ ऐसा व्यवहार करते हैं। उन्होंने बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त और न्यायिक चिकपेट पुलिस से भी कार्रवाई की मांग की थी। एडवोकेट आशुतोष जे. दुबे ने भी इस घटना की निंदा करते हुए कहा- यह शर्मनाक है कि कोई विदेशी मेहमान के प्रति इस तरह के अपमानजनक तरीके से व्यवहार करता है, जो बेंगलुरु का दौरा कर रहा है। उस व्यक्ति के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। बेंगलुरु शहर की पुलिस ने पोस्ट का जवाब दिया और कहा है कि उन्होंने आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित पुलिस अधिकारी को उसकी याचिका भेज दी है। पुलिस ने आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

## ट्रेन दुर्घटना : स्थानीय लोगों ने दिवंगत लोगों के लिए महायज्ञ, प्रार्थना का किया आयोजन

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में बहानागा और आस-पास के इलाकों के स्थानीय लोगों ने सोमवार को महायज्ञ और 2 जून की ट्रेन दुर्घटना में जान गंवाने वाले 288 यात्रियों की मुक्ति (मोक्ष) के लिए प्रार्थना की। बहनागा, सोरो और बालासोर के लोग सोमवार सुबह बहनागा हाई स्कूल मैदान में एकत्रित हुए और विश्व शांति महायज्ञ, अष्टप्रहरी नाम संकीर्तन, अखंड गायत्री मंत्र और दीपदान में हिस्सा लिया। दुर्घटना में विभिन्न धर्मों के लोगों के मारे जाने और घायल होने के कारण, आयोजकों ने उस मैदान में सर्व धर्म प्रार्थना सभा (सर्वधर्म प्रार्थना) का आयोजन किया, जहां धार्मिक नेताओं ने दिवंगत आत्माओं और घायलों के लिए प्रार्थना की। आयोजकों में से एक शरत राज ने कहा, ट्रेन दुर्घटना में विभिन्न धर्मों के लोगों की मृत्यु हुई और उन्हें चोटें आईं। इसलिए, उनके परिवार के सदस्य दिवंगत आत्माओं के लिए विश्व शांति महायज्ञ, अखंड



गायत्री मंत्र, सर्व धर्म प्रार्थना सभा जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। हम शीघ्र स्वस्थ होने और घायलों के लंबे जीवन के लिए प्रार्थना भी कर रहे हैं। रविवार को स्थानीय लोगों ने ट्रिपल ट्रेन हादसे के मृतकों के लिए 10वें दिन की रस्म निभाई। अनुष्ठान के एक हिस्से के रूप में, बहनागा बाजार दुर्घटना स्थल के पास एक तालाब में 100 से अधिक लोगों ने अपना सिर मुंड़वा लिया। जब उनके परिवार के किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो लोग ऐसे अनुष्ठान करते हैं। आयोजन समिति के एक अन्य सदस्य देबज्योति दासमहापात्र ने कहा कि उन्होंने दुर्घटनाग्रस्त ट्रेनों से सैकड़ों लोगों को बचाया है और बचावकर्मियों की मदद से कई शव बाहर निकाले हैं। उन्होंने कहा, हम मृतकों में से कई लोगों का धर्म नहीं जानते, जिनकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। इसलिए, हमने एक सर्वधर्म कार्यक्रम आयोजित किया।

## गहलोत-पायलट के झगड़े पर राजे ने कहा, गद्दी के लिए लड़ाई, एक-दूसरे पर चलाए जा रहे तीर



**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कांग्रेस में गहलोत और पायलट खेमे के बीच चल रहे सत्ता संघर्ष पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि एक समय था जब अपने पिता के आदेश पर भगवान राम राजगद्दी छोड़कर 14 साल के वनवास में चले गए थे। भरत को राजगद्दी पर बिठाने की भी तैयारी की गई, लेकिन उन्होंने त्याग की मिसाल पेश की। राजगद्दी पर बड़े भाई राम की चरण पादुका रखकर उन्होंने राज किया, लेकिन खुद गद्दी से दूर रहे। भाइयों ने कुबार्नी दी और देखिए कि आज दोनों कैसे गद्दी के लिए लड़ रहे हैं। राजे रविवार को ऋषिकेश में संत चिदानंद जी सरस्वती द्वारा आयोजित राम कथा में बोल रही थीं। पूर्व सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बन रहा है। उन्होंने कहा कि जब धर्म और राजनीति साथ-साथ चलते हैं तो राम राज्य का सपना साकार होता है। कहा, हृदय में राम बसा लो। मन में राम नाम जप लो। फिर कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता, लेकिन राम जपते हुए किसी को छुरा मत मारो जैसा कि आजकल हो रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने चिदानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण और जल संरक्षण अभियानों की प्रशंसा करते हुए कहा, नदियों को जोड़ने के अटल बिहारी वाजपेयी जी के प्रयासों को साकार करने के लिए हमने मुख्यमंत्री के जल स्वावलंबन अभियान और योजना पर काम किया।

## दिल्ली हाई कोर्ट ने दिव्यांगों के लिए रेलवे के अलग आईडी कार्ड की वैधता बरकरार रखी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने भारतीय रेलवे द्वारा जारी अलग आईडी कार्ड की वैद्यता को बरकरार रखा है। जबकि, अधिकारिता विभाग की तरफ से दिव्यांगों को जारी प्रमाण पत्र को भी एक दस्तावेज के रूप में पहचान और विभिन्न योजनाओं के लाभ लेने के योग्य पाया है। दिव्यांगों के लिए राष्ट्रीय प्लेटफॉर्म (एनपीआरडी) ने भारतीय रेलवे के उस सर्कुलर को चुनौती दी थी, जिसमें रेल यात्रा में छूट का लाभ लेने के लिए दिव्यांगों को रेलवे से एक अलग पहचान पत्र लेने की बात कही गई थी। एनपीआरडी ने अपनी याचिका में रेलवे के सर्कुलर को चुनौती दी थी। संस्था ने ये भी कहा था कि इससे अधिकारिता विभाग द्वारा दिव्यांगों को जारी प्रमाण पत्र की वैधता को चुनौती मिलती है, जिसके प्रमाण पत्र को पहचान और सत्यापन के लिए सिंगल डॉक्यूमेंट बताया गया था।

## दिल्ली में दोपहिया टैक्सी पर प्रतिबंध जारी रहेगा सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें दिल्ली सरकार द्वारा इस संबंध में नीति तय किए जाने तक राष्ट्रीय राजधानी में दोपहिया टैक्सी का संचालन जारी रखने की अनुमति दी गई थी। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की खंडपीठ ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दिल्ली सरकार की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में बाइक टैक्सी एग्रीगेटर रैपिडो को राज्य सरकार द्वारा जारी नोटिस पर रोक लगाते हुए अंतिम नीति बनने तक संचालन जारी रखने की अनुमति दी थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि नीति को अंतिम रूप दिए जाने तक वैधानिक शासन के व्यापक संचालन पर रोक लगाने का अंतरिम आदेश अनुचित था और हम दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा पारित दोनों आदेशों पर रोक लगाते हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 26 मई को राज्य सरकार की इस संबंध में जारी सार्वजनिक सूचना पर रोक लगा दी थी और शहर के परिवहन विभाग को राइड-शेयरिंग प्लेटफार्मो पर रोक लगाने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया था। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की खंडपीठ ने परिवहन विभाग को एक व्यापक नीति तैयार होने तक रैपिडो और अन्य राइड-शेयरिंग प्लेटफॉर्म के खिलाफ कोई कठोर कदम उठाने से परहेज करने का निर्देश दिया। इससे पहले फरवरी में ऐप-आधारित एग्रीगेटर्स को व्यावसायिक परमिट के बिना सड़क पर बाइक टैक्सी चलाने से रोका गया था। परिवहन विभाग ने इन प्लेटफार्मो द्वारा प्रदान की जाने वाली बाइक टैक्सी सेवाओं को तत्काल रोकने का आदेश देते हुए चेतावनी दी थी कि किसी भी तरह का उल्लंघन करने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। परिवहन विभाग द्वारा सार्वजनिक नोटिस में कहा गया है कि आदेशों की अवहेलना करने वाली कंपनियों पर एक लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा, क्योंकि व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए बाइक का उपयोग मोटर वाहन अधिनियम, 1988 का उल्लंघन करता है।

## बंगाल में पंचायत चुनाव की तारीख बढ़ेगी, कलकत्ता हाईकोर्ट में हुई अहम सुनवाई

**कोलकाता।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में 8 जुलाई को होने वाले पंचायत चुनाव के नामांकन को बढ़ाने और मतदान स्थगित करने की बात कही। हालांकि, अदालत ने इस मामले पर अंतिम फैसला नहीं दिया है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की पीठ ने कहा कि नामांकन की अवधि बढ़ाई जानी चाहिए। अगर ऐसा किया जाता है तो मतदान की तारीख भी स्थगित करनी होगी। क्योंकि, नामांकन के लिए पांच दिनों का समय काफी कम है। पश्चिम बंगाल राज्य चुनाव आयोग के वकील ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार की मंजूरी के बिना इस पर फैसला नहीं लिया जा सकता। आयोग ने हाईकोर्ट को एक रिपोर्ट भी



सौंपी, जिसमें नामांकन को 16 जून तक बढ़ाने का प्रस्ताव है। राज्य चुनाव आयोग ने नामांकन को हर दिन दो घंटे बढ़ाने का भी प्रस्ताव दिया है। आयोग ने दलील दी कि ये फैसला पिछली बार हुए नामांकन के रिकॉर्ड को देखते हुए पर्याप्त होगा। आयोग ने अदालत को ये भी बताया कि पंचायत चुनाव के लिए अभी तक लगभग 10,000 नामांकन हो चुके हैं। खंडपीठ ने आयोग को मतदान और मतगणना के लिए केंद्रीय सश बलों की तैनाती की सलाह दी। अदालत का तर्क था कि अगर राज्य पुलिस बलों के अधिकांश कर्मियों को मतदान के लिए तैनात किया जाता है तो राज्य की नियमित सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिसबलों की कमी हो सकती है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने चुनाव कार्यो में राज्य सरकार के अनुबंधित कर्मचारियों और नागरिक स्वयंसेवकों को शामिल नहीं करने के निर्देश भी दिए। जस्टिस शिवगणनम ने कहा कि याद रखें स्वयंसेवक पुलिसकर्मी नहीं हैं। वो नियमित पुलिसकर्मियों को कुछ सहायता देने के लिए हैं। चुनाव आयोग एक निष्पक्ष संस्था है। लोगों को चुनाव आयोग पर भरोसा होना चाहिए। आयोग को अपने अधिकार से भलीभांति परिचित होना चाहिए। आपकी भूमिका काफी अहम है।

# अभद्र भाषा के प्रयोग पर प्रतिबंध जरूरी'

## शब्द सम्हारै बोलिए शब्द के हाथ न पाँव, एक शब्द औषधि करे एक करे घाव'

**आर एस रजक**
**पुष्पांजलि टुडे**

इन दिनों ढ्ढड्डह्लद्ग ह्यश्चद्गद्गष्ह्म् शब्द खासा चर्चा में है। इस शब्द को परिभाषित किया है राजनीतिक दलों ने। शब्दों के ज़रिए सामने वाले पर कीच? उछालना आसान जो बन गया है। अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले शायद ये नहीं जानते कि मीठी वाणी में शक्ति होती है। मनुष्य अपने रूप, रंग, धन, प्रतिष्ठा से नहीं, बल्कि अपनी वाणी से अपनी पहचान बनाता है। वाणी इंसान की छवि को प्रतिबिंबित करती है। यानी अभद्र भाषा आपके संस्कारो को शर्मसार करती है और शिष्ट भाषा, मधुर वाणी आपके व्यक्तित्व को उभारती है। आजकल अभद्र भाषा की गंदी राजनीति ने पूरे देश का माहौल बिगाड़ रखा है। हर पक्ष-विपक्ष के प्रवक्ता एक, दूसरे पर ज़हर उगलने का कोई मौका नहीं छोड़ता। यहाँ तक की हर समुदाय के धर्मगुरु भी एक दूसरे के धर्म को नीचा दिखाने के लिए कभी-कभी अपनी वाणी पर कमान खो देते है। साथ में हर मुद्दे में झूठ के ज़रिए अनैतिक कार्य करने वाले समूह को भड़का कर देश की शांति भंग का माहौल खड़ा कर रहे है।

अभद्र भाषा यानी वो भाषा है जिसका उद्देश्य एक निश्चित समूह के खिलाफ घृणा को उकसाना है। जो किसी समुदाय, धर्म या जाति हो सकता है। उकसाने वाले भाषण के बाद हिंसा की संभावना अचूक होती है। खासकर आज के दौर में उपयोग अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक के बीच तनाव पैदा करने हेतु किया जाता है, जो नफ़रत के प्रचार का मुख्य कारण है। शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के लिए दूसरों के अधिकारों पर विचार किए बिना अपनी विचारधाराओं पर टिके रहने में लोगों की हठधर्मिता से घृणास्पद भाषण और भी बदतर हो जाता है। विशेष रूप से सोशल मीडिया ने न केवल नफ़रत फैलाने वाले भाषणों को अधिक घृणित और प्रतिकारक बनने का कारण बना दिया है। यानी अभद्र भाषा द्वारा एक दूसरे को नीचा दिखाने में फेसबुक जैसी कई मिडिया साइट्स अग्रसर है। किसीको कुछ भी सुनाना कितना आसान



बन गया है, एक पोस्ट डाल दी बात खतम। भड़ास निकालना, भड़काना और असामाजिक तत्वों को उत्तेजित करना सब डिज़िटल बन गया। फेसबुक का उपयोग से ज़्यादा दुरुपयोग हो रहा है। सोशल मीडिया द्वारा समाज को जागरूक करने की बजाय अभद्र भाषा में भाषण देकर झगड़ों का ज़रिया बनाया जा रहा है। जात-पात के नाम पर नफ़रत फैलाई जा रही है; जो एक सोचनीय और चिंतनीय मुद्दा है। किसी भी क्रिया में अभद्र भाषा का प्रयोग भेदभावपूर्ण मानसिकता दर्शाता है। अभद्र भाषा का प्रयोग भाषण, लेखन, या व्यवहार में किसी भी तरह का संचार जो किसी व्यक्ति या समूह के संदर्भ में उनके धर्म, जातीयता, राष्ट्रीयता, नस्ल, रंग, लिंग या अन्य पहचान कारकों के आधार पर किया जाता है वो समाज के लिए हानिकारक है। अभद्र भाषा हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गई है।

फेसबुक कई बार अपनी पारदर्शिता रिपोर्ट में खुलासा करता है कि उसने अपनी साइट से लाखों अभद्र टिप्पणियों को हटा दिया है, यही बात साबित करती है कि लोगों की मानसिकता कितनी गिरती जा रही है। हमारे देश में धार्मिक विद्वेष और हेट स्पीच जैसे अपराधों को रोकने के लिए दो सदी पुरानी भारतीय दंड संहिता में धारा 153-ए और 295-ए के प्रावधान है। संविधान की प्रस्तावना में नागरिकों के बीच भाईचारे की भावना और मूल अधिकारों के चैप्टर में समानता की बात की गई है। हेट स्पीच के लेख या भाषण का जनता के बीच प्रसारण होने पर यह संगीन अपराध बन जाता है, इसके लिए तीन साल तक की जेल की जोगवाई भी है। पर लोग कायदे कानून को नफ़रत में घोलकर पी गए है। आज के दौर में देश दुनिया में सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए हेट स्पीच पर प्रतिबंध लगाने की अहम् जरूरत है। पारदर्शी राजनीति देश को विकास की ओर ले जाती है। तभी तो तुलसीदास जी ने कहा है कि, सचिव बैद गुरु तीनि जौं, प्रिय बोलहिं भय आस, राज धर्म तन तीनि कर, होई बेगहिं नास।



## वन विभाग और राजस्व विभाग की उदासीनता लाखों रुपए के पेड़ हुए गायब



**मुंगावली।** कुरवाई मुंगावली चंदेरी नेशनल हाईवे 346 पर रोड निर्माण कर रही कंपनी आरजी बिल्डवेल इंजिनियर्स प्राइवेट लिमिटेड गाजियाबाद के पेटी कांट्रेक्टर जेड वर्क द्वारा रोड के किनारे लगे बहुमूल्य पेड़ पौधों की कटाई अंधाधुंध चालू है और बिक्री कर परिवहन भी हो रहे हैं जिसकी जानकारी वन विभाग और राजस्व विभाग दोनों इन पेड़ों की कटाई से अनजान बने हुए हैं दोनों विभागों की उदासीनता के चलते लाखों रुपए मूल्य के पेड़ कटकर परिवहन हो चुके हैं ऐसा नहीं है कि वन विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों को यह जानकारी नहीं है की रोड के किनारे लगे पौधे कटकर परिवहन हो रहे हैं लगता है कि ठेकेदार और अधिकारियों की सांठगांठ से लाखों रुपए मूल्य की पेड़ों की लकड़ी परिवहन हो चुकी है अब वही रोड के किनारे देखा जाए तो पेड़ों गायब हो चुकी है और कटी हुई डालियां ही नजर आ रही हैं वहीं मुंगावली एसडीएम द्वारा बताया गया की इस नेशनल हाईवे पर करीब 850 पौधे की कटाई होना है जो एक निर्धारित स्थान पर एकत्रित करके नीलाम किया जाना है लेकिन फिर भी पेड़ों की लकड़ी परिवहन हो गई यह एक प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगाती है। अनुविभागीय अधिकारी रवि मालवीय द्वारा कहा गया कि इस मामले की जांच कर लकड़ी परिवहन कर्ताओं पर कार्रवाई कर एफ आई आर दर्ज की जाएगी।

# शिवपुरी पुलिस की अपराधों मे त्वरित कार्यवाही

## पुलिस थाना इंदार द्वारा फरियादी के ट्रेक्टर को बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**



शिवपुरी। फरियादी भगवत पुत्र मंटू आदिवासी उम्र 33 साल निवासी पीरोंठ थाना इंदार ने दिनांक 06.05.23 को पुलिस थाना इंदार पर आकर रिपोर्ट कराई थी कि मुन्ना आदिवासी निवासी मुड़ेरी थाना बदरवास, मोहरसिंह आदिवासी निवासी खरीला थाना रन्नौद के द्वारा फरियादी का नया मैसी ट्रैक्टर कीमती 6 लाख 75 हजार रूपये का 8 दिन के लिए काम करने को ले गये थे जो बाद मे बेइमानी से अपने उपयोग में लेकर ट्रेक्टर को कहीं दूसरी जगह भेज देना की बात कह रहे हैं । उक्त रिपोर्ट पर से थाना इंदार पर अपराध क्रमांक 92/2023 धारा 406, 34 आईपीसी कायम कर विवेचना मे लिया गया । दौराने विवेचना पुलिस अधीक्षक शिववपुरी श्री रघुवंश सिंह द्वारा फरियादी का ट्रेक्टर वापस बरामद कर आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु आवश्यक निर्देश दिये । अति. पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी कोलारस श्री विजय कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी इंदार द्वारा पुलिस टीम बनाकर आरोपियों की तलास की गई एवं फरियादी के ट्रेक्टर की बरामदगी हेतु भरसक प्रयास किये गये । विवेचना मे सामने आया कि आरोपीगण मुन्ना आदिवासी पुत्र लालू आदिवासी उम्र 22 साल निवासी मुड़ेरी थाना बदरवास, मोहरसिंह पुत्र प्रकाश आदिवासी उम्र 22 साल निवासी खरीला थाना रन्नौद के द्वारा फरियादी के ट्रैक्टर को आरोपी रामखिलाई पुत्र वीधाराम गुर्जर निवासी रूअर मैनाबसाई थाना सुमावली जिला मुरैना को 3 लाख रुपए में बेच दिया है, एक लाख रुपए नकद प्राप्त कर दो लाख रुपए बाद में लेने की कहकर ट्रैक्टर उसके सुपुर्द कर देना पाया गया जिस पर से आरोपीगण मोहरसिंह आदिवासी, मुन्ना आदिवासी को अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पूछताछ कर आरोपी रामखिलाई गुर्जर से मैसी ट्रैक्टर कीमती 6 लाख 75 हजार रूपए का बरामद किया गया है । उक्त कार्यवाही में केएन शर्मा थाना प्रभारी इंदार, प्र आर 733 प्रदीप गुर्जर आर 199 आलोक सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

## भाजपा मंडल गोहरापदर में मनाया गया भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान दिवस

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



**गोहरापदर।** भाजपा मंडल गोहरापदर में महान जनजाति नेता,स्वतंत्रता संग्राम सेनानी,भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान दिवस गोहरापदर में मनाया गया।पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह माँझी के निवास पर सभी भाजपाइयों ने भगवान बिरसा मुंडा के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह माँझी ने कहा की स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बिरसा मुंडा के महान कार्यो के वजह से ही उन्हें भगवान के रूप में सम्मान दिया जाता है।राष्ट के उत्थान के लिए उनके कार्य सराहनीय हैं.राष्ट की मूल सम्पत्ति जल,जंगल और ज़मीन की रक्षा के लिए किए उनके कार्य इतिहास के स्वर्ण पट्टिका में शामिल किए गए हैं।ऐसे महान व्यक्तित्व को मैं कोटि कोटि नमन करता हुँ। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला महामंत्री पुनीत राम सिन्हा,मंडल महामंत्री तानसिंग मांझी,कोषाध्यक्ष सोभित ध्रुवा,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष हेमराज मांझी,महामंत्री रुपसिंग मांझी,अजजा मोर्चा मंत्री गुनेश्वर नागेश, वरिष्ठ कार्यकर्ता चंपालाल ध्रुव,गणेश नागेश एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अनसर काल में श्री जगन्नाथ जी की विशेष पूजा अर्चना

## जंगलों से चुनकर विशेष वनौषधि से महाप्रभु का उपचार

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**अमलीपदर।** ग्राम अमलीपदर में विराजमान दारु ब्रह्म श्री जगन्नाथ जी के श्रीमंदिर में देवस्नान पर्व में दिव्य स्नान के पश्चात भगवान का स्वास्थ्य ठीक नहीं होने कारण विशेष उपचार किया जाता है रथयात्रा के एक दिवस पुर्व भगवान श्री जगन्नाथ स्वस्थ होकर के श्री मंदिर में विराजित हो करके रथ यात्रा को गुंडीचा मंदिर के लिए प्रस्थान करते हैं अनसर काल में श्री मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित युवराज पांडे जी द्वारा प्रेस वार्ता में बताया कि इस काल में महाप्रभु



का विशेष पूजा अर्चना किया जाता है जिसमें भगवान को रात्रि काल में संध्या काल में भगवान का दिव्य जड़ी बूटियों से उपचार किया जाता है जिसमें संध्याकालीन में भगवान को गर्म पट्टी में दिव्य जड़ी-बूटी डाल कर के भगवान का लेपन नीम हल्दी से भगवान का कुनकुने पानी से स्नान आदि विविध जड़ी बूटियों से भगवान का उपचार किया जाता है जिसमें पंडित युवराज पांडे जी अपने मंदिर के मुख्य सेवकों के साथ जंगलों में जा करके स्वयं चुन करके दिव्य जड़ी बूटी ला करके महाप्रभु का उपचार करते हैं।

# कांग्रेस में बंटेगी रेवड़ी, कर्मठ व जुझारू बनेंगे प्रदेश पदाधिकारी

**भोपाल/ग्वालियर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस पूरी तरह से चुनावी तैयारियों में जुटी है। इसके लिये विभिन्न टीमों के गठन की भी तैयारी है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ लगातार पार्टी कार्य में लगे है और अब वह जल्द ही प्रदेश में नये पदाधिकारियों की भी घोषणा कर सकते है। साथ ही विभिन्न चुनावी टीमों का गठन भी प्रस्तावित है। नवागत पदाधिकारियों और चुनावी टीमों में कर्मठ व जुझारू कार्यकर्ताओं को ही स्थान मिलेगा, जो जमीन पर आकर भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ आंदोलन कर कांग्रेस का माहौल बनायेंगे। साल के अंत में होने वाले चुनाव के लिये अब बिसात बिछने लगी है। जहां मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने हाल ही में लाडली बहना योजना का शुभारंभ कर एक वर्ग के वोटों को साधने का काम किया है। वहीं आज कांग्रेस ने भी जबलपुर से चुनावी शंखनाद कर दिया। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने संस्कार धानी जबलपुर में मां नर्मदा की पूजा अर्चना कर एक विशाल रैली को संबोधित किया। रैली में प्रियंका ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को आडे हाथों लेते हुये कहा कि बहनों की इतनी ही चिंता थी तो यह योजना चुनावों से मात्र 5-6 माह पहले क्यों लाई गई। जबकि आप तो तीन साल से सरकार में है। यह सब भाजपा का चुनावी स्टंट है इसके झांसे में अब मध्यप्रदेश की जनता नहीं आने वाली। इधर कांग्रेस के जबरदस्त चुनावी शंखनाद के अब सबकी निगाहें पदाधिकारियों की नियुक्ति पर आकर टिक गई है। खबर है कि जल्द ही नये प्रदेश पदाधिकारी बनाये जा सकते हैं। कांग्रेस अपने ज्यादातर टिकटों को जुलाई में ही घोषित करने की बात कह रही है। इसके लिये अब संभावित उम्मीदवारों को संगठन कार्य से फ्री कर नये पदाधिकारियों की नियुक्ति करने का प्लान है। नये पदाधिकारियों की जल्द ही घोषित हो सकती है। साथ ही विभिन्न चुनावी टीमों का भी ऐलान किया जा सकता है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ की मंशा है कि कांग्रेस की टीम को हर मोर्चे पर सशक्त बनाया जा सकें। जिससे भाजपा का सामना पूरे दमखम से किया जाये। सोशल मीडिया पर इन दिनों कांग्रेस काफी एक्टिव है। वह भाजपा से भी वर्तमान में आगे चल रही है। अब कमलनाथ की नजर जमीन पर है। कमलनाथ चाहते है कि ऐसे पदाधिकारी बनाये जाये जो जमीन पर कांग्रेस का झंडा बुलंद करें। घर-घर कांग्रेस की रीति नीतियां से अवगत कराये जाये। इसके लिए कमलनाथ कर्मठ व जुझारू कार्यकर्ताओं को प्रदेश संगठन में स्थान देने के लिये इच्छुक है।

## लाडली बहना: सुबह से बैंकों में महिलाओं की भीड़, कईयों के खाते में नहीं पहुंचे एक हजार

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार की लाडली बहना योजना ने सोमवार को बैंक वालों का काम बड़ा दिया, क्योंकि बड़ी संख्या में महिलायें अपनी पासबुक लेकर एक हजार रूपये खाते में आये या नहीं यह चैक कराने पहुंची थी। बैंकों में अचानक पहली बार महिलाओं की भीड़ इतनी देख कर्मचारी भी भौंचक्के रह गये। जब बैंक कर्मियों ने महिलाओं के खातों को चैक करना शुरू किया तो कईयों के खाते में एक हजार आये थे तो कईयों के नहीं। जिनके खातों में लाड़ली बहना की रकम नहीं पहुंची तो उनके चेहरे लटक गये। वहीं जिनके खाते में एक हजार पहुंच गये तो उनके चेहरे खिल उठे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने शनिवार को लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं के खातों में वन क्लिक में एक-एक हजार ट्रांसफर किये थे। लाइव शो में जैसे ही सीएम ने क्लिक किया और बोला कि अब आपके खाते में रुपए पहुंचना शुरू हो गए हैं। इसके बाद शहर के एटीएमों पर शनिवार को महिलाओं की भीड़ भी देखने को मिली थी। परंतु जो अनपढ़ व कामगारी महिलाएं थी उनको सोमवार का इंतजार था। क्यों कि रकम ट्रांसफर होने के बाद बड़ी तादाद में महिलाओं के पास एक हजार खाते में आने का मैसेज नहीं आया था। शनिवार को जब कई महिलाओं के अकाउंट में पैसा नहीं आया तो वह निराश भी नजर आईं। उनको बताया गया कि जल्द ही उनके अकाउंट में राशि आ जाएगी। रविवार के बाद आज सोमवार को बैंक खुलते ही बड़ी संख्या में महिलाओं की भीड़ पहुंच गई और वह यह जानने के लिये उत्सुक थी कि उनके खाते में शिवराज भैया के भेजे एक हजार आये है या नहीं। बैंक कर्मचारी भी हाथ में पासबुक लिये पहुंची महिलाओं को खाता चैक करके बताने लगे कि एक हजार आये है या नहीं। बैंक पहुंची महिलाओं में ज्यादातर कामगार महिलायें थी। खाता टटोली के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं के खाते में लाडली बहना की राशि नहीं पहुंची है। जबकि कईयों के खातों में राशि पहुंची भी थी। जिनके खातों में लाड़ली बहना की रकम नहीं पहुंची तो उनके चेहरे लटक गये। वहीं जिनके खाते में एक हजार पहुंच गये तो उनके चेहरे खिल उठे। बैंकों में उमड़ी भीड़ के कारण आज लोगों के घरों में बाईयां नहीं पहुंची, क्योंकि यह बैंक में एक हजार उनके खाते में आये हैं या नहीं यह चैक कराने पहुंची थी। जिनके घरों पर बाईयां नहीं पहुंची इसके कारण घर की महिलाओं का काम बड़ गया।



## मलेरिया माह के चलते आयोजित की गई जिला स्तरीय अंतर्विभागीय कार्यशाला

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

शिवपुरी, जिले में मलेरिया नियंत्रण हेतु माह जून मलेरिया निरोधक माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत सोमवार को कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी द्वारा उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि मलेरिया के बचाव हेतु आमजन को समझाइश दें व घर एवं घरों के आसपास पानी एकत्रित न होने दें तथा मलेरिया रोग से बचाव हेतु आईसीसी बीसीसी के अंतर्गत दीवार लेखन, नगर पालिका के कचरा वाहन के माध्यम से आकाशवाणी रेडियो के माध्यम से मलेरिया से बचाव की जानकारी जनसमुदाय को दें। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.संजय रिशेश्वर द्वारा बताया गया कि मलेरिया माह जून में मलेरिया रथ एंबेड परियोजना फैमिली हेल्थ इंडिया के सहयोग से जिले के मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में भ्रमण कर जन समुदाय को मलेरिया से बचाव व नियंत्रण के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी ने लोगों से अपील की है कि घरों व आसपास पानी जमा ना होने दें सात दिवस में विभिन्न कंटेनरों में भरा पानी बदलते रहे तथा फुल आस्तीन के कप? पहने तथा बुखार आने पर शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में अपनी जांच कराने व सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें जांच की सुविधा जिला चिकित्सालय व समस्त स्वास्थ्य केंद्र व आशा कार्यकर्ताओं के पास उपलब्ध है।

# शिवपुरी पुलिस द्वारा बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण पर एक दिवसीय कार्यशाला का किया आयोजन

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

शिवपुरी। बाल अधिकार और बाल संरक्षण पर प्रशिक्षण हेतु एक दिवसीय कार्यशाला आज दिनांक 12 जून 2023 को पुलिस कंट्रोल रूम जिला शिवपुरी में विशेष किशोर पुलिस इकाई के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह द्वारा मां सरस्वती को माल्यार्पण कर किया । बच्चों से संबंधित मामलों में संवेदनशीलता सबसे अधिक महत्वपूर्ण है यह उद्बोधन पुलिस अधीक्षक शिवपुरी का बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण पर प्रशिक्षण मैं प्रतिभागियों को उद्बोधन करते हुए कहा एवं पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा प्रशिक्षण के शीर्षक बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण पर प्रकाश डालते हुए उसकी आवश्यकता को समझाया एवं थाने से आए बाल कल्याण अधिकारियों से बच्चों को किशोर न्याय बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश करते समय आने वाली समस्याओं पर चर्चा की । बाद बाल कल्याण समिति अध्यक्ष श्रीमती सुषमा पांडे द्वारा बच्चों से संबंधित कोई भी घटना होने पर



सर्वप्रथम की जाने वाली कार्यवाही पर चर्चा की, बाद किशोर न्याय बोर्ड सदस्य श्रीमती शोभा पुरोहित द्वारा बच्चों को न्यायालय के समक्ष पेश करते समय प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों के बारे में बताया एवं बताया की बच्चों को प्रस्तुत करते समय बाल कल्याण अधिकारी को सादा वर्दी में होना चाहिए , बाल संरक्षण अधिकारी श्री राघवेंद्र शर्मा द्वारा सभी संस्थाओं के आपस में कोर्डिनेशन कर बेहतर कार्य करने की आवश्यकता को समझाया एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री देवेंद्र सुंद्रियाल ने कहा कि बच्चों के साथ व उनके सर्वोत्तम हित के काम के लिए यह आवश्यक है कि हम सभी मिलकर काम करें एवं मानवीय दृष्टिकोण अपनाएं ।

इस कार्यशाला में बाल कल्याण समिति अध्यक्ष श्रीमती सुषमा पांडे, किशोर न्याय बोर्ड सदस्य श्रीमती शोभा पुरोहित, सदस्य उमेश भारद्वाज , श्रीमती सुगंधा मिश्रा, महिला एवं बाल विकास विभाग से जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री देवेंद्र सुंदरयाल, श्री राघवेंद्र शर्मा, प्रभारी बाल किशोर इकाई श्रीमती गायत्री टोरिया , ममता संस्था से कल्पना रायजादा, वन स्टॉप सेंटर से कंचन गॉड, बाल किशोर इकाई से प्र.आर. विपिन शर्मा, महिला प्र.आर. वैजयंती मौर्य, आर. चेतन बंसल, प्रतिपाल सिंह, महिला आर. अभिलाषा भार्गव, चाइल्डलाइन से नीरज सिंह जाट, अरुण सेन, संगीता, सुल्तान आदिवासी और थानों से बाल कल्याण पुलिस अधिकारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# थाना महाराजपुरा पुलिस द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान तीन अलग-अलग वाहन सवार बदमाशों को अवैध हथियारों सहित किया

## तीनों बदमाशों के पास से 02 देशी कट्टे, 315 बोर की 01 अधिया एवं 03 जिंदा राउण्ड व 03 मोटर सायकिल की जप्त

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिंह चंदेल,भापुसे के निर्देश पर ग्वालियर पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने वालों तथा अपराधियों के विरूद्ध जिले में प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही के दौरान एसपी ग्वालियर द्वारा ग्वालियर पुलिस के समस्त अधिकारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रो में सघन वाहन चैकिंग कर अवैध हथियार रखने वाले बदमाशों को पकडने हेतु आदेशित किया गया। उक्त निर्देशों के तारतम्य में अति0 पुलिस अधीक्षक, ग्वालियर (शहर-मध्य) श्री ऋषिकेश मीणा,भापुसे द्वारा अपने अधीनस्थ समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सघन वाहन चैकिंग कर बदमाशों को पकडने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में सीएसपी महाराजपुरा श्री रवि भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी महाराजपुरा निरी0 पंकज त्यागी द्वारा दिनांक 11.06.2023 की रात्रि में थाना बल के साथ प्रभावी वाहन चैकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को पदमपुर खेरिया की तरफ से तीन लडके अलग-अलग मोटर सायकिल से तेज स्पीड में आते हुये दिखे, जिन्होने पुलिस द्वारा की जा रही वाहन चैकिंग को देखकर वापस मोटर सायकिल को मोडकर भागने का प्रयास किया। जिस पर से पुलिस टीम को संदेह होने पर पुलिस टीम द्वारा उक्त तीनों लडकों को पीछा कर पकड लिया गया। पकडे गये तीनों लडको से पूछताछ करने पर उन्होने खुद को भिंड व मुरैना का रहने वाला बताया जो कि हाल ही में ग्वालियर में किराये से रह रहे है। पुलिस टीम द्वारा तीनों की तलाशी लेने पर एक के पास से एक 315 बोर का 01 देशी कट्टा व 01 जिंदा राउंड मिला, दूसरे के पास से 12 बोर का 01 देशी कट्टा व 01 जिंदा राउंड व तीसरे लडके के पास से 315 बोर अधिया व 01 जिंदा राउंड मिला। जिन्हे पुलिस टीम द्वारा विधिवत जप्त कर उक्त तीनों बदमाशों के विरूद्ध थाना महाराजपुरा में 25,27 आर्म्स एक्ट के प्रथक-प्रथक प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर उनके पास से मिले अवैध हथियारों व मोटर सायकिल के संबंध में पूछताछ की जा रही है। उक्त तीनों बदमाशों में से एक बदमाश द्वारा अपने सोशल मिडिया अकाउंट पर बारदात गैंग नाम से स्टेटस लगा रखा है।

**जप्त मशरूका:** 02 देशी कट्टे, 01 अधिया 315 बोर की एवं 03 जिंदा राउण्ड व 03 मोटर सायकिल।

**सराहनीय भूमिका:** उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी महाराजपुरा निरी0 पंकज त्यागी, उनि0 नरेन्द्र छिकारा, सौरभ श्रीवास्तव, विश्राम सिंह, आर0 गोविंद राजावत, गिर्राज शर्मा, अनिल गुर्जर, ध्रुव गुर्जर, कुलदीप तोमर, विजय बघेल, कुंजविहारी शर्मा, संदीप सेन, राजीव शुक्ला, शैलेन्द्र शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

# दो दिवसीय राम-हनुमत कथा एवं दरबार आयोजन की तैयारियां जोरों पर

## यातायात मंत्री रामलिंगारेड्डी एवं समाजसेवी तेजराज शर्मा को दिया आमंत्रण

**पुष्पाजंली टुडे**



**बेंगलुरू।** बेंगलुरु सर्वजन एकता मंच के तत्वावधान में शहर के पैलेस ग्राउंड में बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर एवं विख्यात कथावाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की पावन निश्रा में मंगलवार से आयोजित होने वाले दो दिवसीय राम-हनुमंत कथा एवं दरबार के सफल आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही वहीं आम जनता में भी भारी उत्सुकता है। आयोजन समिति सर्वजन एकता मंच के चैयरमेन राकेश शुक्ला के नेतृत्व में आज सोमवार को कर्नाटक सरकार के यातायात मंत्री रामलिंगारेड्डी को आमंत्रण पत्रिका देकर आमंत्रित किया वहीं समिति ने शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ समाजसेवी तेजराज शर्मा को भी पत्रिका देकर आमंत्रित किया। इस मौके कांग्रेस नेता राजेन्द्र बाबू कोरमंगला, तेजराज शर्मा, राकेश शुक्ला, डी.,के.शिवकुमार, भंवरलाल शर्मा, राधेश्याम शर्मा, रमेश कुमार प्रजापत, माणकलाल, पुरणनाथ, राजेन्द्र शर्मा, भगवतसिंह, भूपेश कश्यप, किशोर शर्मा कई लोग उपस्थित थे।

# विशेष जागरूकता अभियान मैं हूं अभिमन्यु का शुभारंभ

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के मार्गदर्शन में डीएसपी श्रीमती पूनम थापा शर्मा के नेतृत्व में महिलाओं एवं बच्चो के विरुद्ध होने वाले अपराधो के संबंध में जागरूकता, महिलाओं को सुरक्षित एवं पूर्वाग्रह मुक्त सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराने में पुरुषो का सहयोग सुनिश्चित करने हेतु शुरू हुए विशेष जागरूकता अभियान ÷ मैं हूं अभिमन्यु÷ का शुभारंभ जिला भिंड में किया गया। भिंड शहर के मुख्य तीन प्वाइंट इंद्रा गांधी चौराहा , हाउसिंग कॉलोनी , एवम एमजेएस कॉलेज भिंड में अभिमन्यु का शेल्फी कट आऊट प्वाइंट लगाया गया, कोचिंग एवम कॉलेज के बच्चो व टमटम ऑटो चालकों को अभिमन्यु अभियान के बारे में जानकारी दी गई, साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर ,डायल 100 का प्रचार प्रसार किया गया।

# प्रेस वार्ता में पार्षद ने लगाए नगर पालिका प्रशासन पर गंभीर आरोप

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गोहद। नगर पालिका परिषद गोहद में पार्षद शैलेन्द्र दशरथ सिंह गुर्जर ने पत्रकारवार्ता में कहा कि गोहद नगर पालिका सीएमओ सुरेन्द्र शर्मा सत्ताधारी दल के इशारे पर कार्य रहे है। वो काग्रेस पार्टी की नगर पालिका में चुने हुए पार्षदों की समस्या का निराकरण न कर मनमानी पर उतारू है अगर तीन दिन में पत्रों का जबाब नही मिला तो हम धरने पर बैठेंगे हमने गांधी जी के साथ भगत सिंह का भी पाठ पढा है। गोहद नगर पालिका परिषद काग्रेस शासित है लेकिन इसके बाबजूद काग्रेस के पार्षद ही सबसे ज्यादा परेशान है इसी के चलते गोहद नगर पालिका वार्ड 13 से काग्रेस पार्टी पार्षद शैलेन्द्र दशरथ सिंह गुर्जर ने अपने निवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि गोहद नगर पालिका प्रशासन चुने हुए प्रतिनिधियों को तवज्जो ही नही दे रहा है गोहद नगर पालिका द्वारा पेयजल परिवहन ठेका द्वारा किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन वार्ड पार्षद से टेकर वितरण को प्रमाणित कराना है, लेकिन पार्षद से संपर्क ही नही किया जा रहा और न ही कार्यालय से जानकारी दी जा रही है। गोहद नगर पालिका द्वारा नालों की सफाई के लिए कर्मचारियों की भर्ती की गई है लेकिन प्रशासन यह नही बता पा रहा है कि कितने कर्मचारियों की भर्ती हुई और



कितने नाले साफ हुए नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव से हुई शिकायत के फलस्वरूप गोहद नगर पालिका से करीब दो सैकड़ा से अधिक मस्टर कर्मचारियों को हटाया गया था। फिर किस नियम के आधार पर सफाई कर्मचारियों की भर्ती हुई गोहद फिल्टर प्लांट पर सबसे अधिक व्यय नगर पालिका द्वारा किया जा रहा है जिसमें सर्वाधिक व्यय 2 लाख रुपये डीजल प्रतिमाह पर किया जा रहा है वही बिजली का बिल भी आ रहा फिर यह डीजल खर्च कहा हो रहा है गोहद नगर पालिका द्वारा 5 लाख रुपये तक के भुगतान की जानकारी भी मांगी गई नगर पालिका क्षेत्र में निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी ध्यान नही रखा जा रहा है। गोहद नगर पालिका पार्षद शैलेन्द्र दशरथ सिंह गुर्जर ने कहा कि जनता को पेयजल उपलब्ध कराना प्रथम कर्तब्य है लेकिन गोहद की जनता को गंदा दूषित बदबूदार पानी उपलब्ध कराया जा रहा है जनता हम लोगो को गाली दे रही है काग्रेस शासित नगर पालिका जनता को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना चाहती है लेकिन भाजपा के इशारे पर कार्य करहे सीएमओ परिषद को बदनाम कर रहे है हमारे द्वारा समय समय पर पत्र द्वारा लिखित में मांगी गई जानकारी का जबाब नही दे रहे है अगर तीन दिन में जबाब नही मिला तो हम चरणबद्ध आंदोलन कर धरने पर बैठेंगे पत्रकार वार्ता में मुन्नीलाल भटेले, कमल गुप्ता, आदित्य यादव जितेंद्र प्रजापति आदि उपस्थित थे।

# तीर्थ यात्रा कर मुम्बई लोटे श्रद्धालुओं का किया स्वागत

## मुम्बई-श्री आई माताजी मंदिर तुर्भे में

**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेंणचा**



अखिल भारतीय सीरवी समाज तुरभे नवी मुंबई व सीरवी समाज खेल परिवार के साथी गण द्वारकाधीस व सोमनाथजी दर्शन यात्रा सफल कर के लोटे उनकी तरफ से आज द्वारकाधीश की सफल यात्रा में प्रसादी का आयोजन रखा गया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय सीरवी महासभा महाराष्ट्र पांतीय के अध्यक्ष दिनेश सिवास का साफा पहनाकर सम्मान किया गया । इस कार्यक्रम में दिनेश सिवास ने सीरवी समाज तुर्भे नवी मुंबई के अध्यक्ष महोदय हिम्मत देवड़ा सचिव महोदय मानाराम राजू भाई सहित समस्त कार्यकारिणी कमेटी पदाधिकारियों और सभी द्वारकाधीश दर्शन गए दर्शनार्थियों का परिवार सहित सभी को धन्यवाद देकर आभार वक्त किया । इस अवसर पर सीरवी समाज निगडी के अध्यक्ष तेजाराम और उदयपुर शिक्षण संस्थान हॉस्टल के अध्यक्ष और सुमेरपुर परगना के अध्यक्ष दोलाराम धना की उपस्थिति में आज का कार्यक्रम शानदार रहा ।ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में होते हैं तो निश्चित तौर पर हमारे बच्चों को और युवा पीढ़ी को एक सकारात्मक सोच के साथ में अपने संस्कार संस्कारों का ज्ञान भी मिलता रहेगा ।और अनुभव भी प्राप्त होता है। ये जानकारी दिनेश कुमार चौधरी सिवास अध्यक्ष अखिल भारतीय सीरवी महासभा महाराष्ट्र प्रदेश द्वारा दी गई।

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का सभी अधिकारी करें समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण: कलेक्टर

## सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही पर कई अधिकारियों को नोटिस एवं कई अधिकारियों का वेतन काटने दिये निर्देश, समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखण्ड अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन की विभागवार विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देशित किया की सभी विभाग लंबित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण समय-सीमा में करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने 10 मई से 31 मई तक चलाए गए जनसेवा अभियान को सफलता पूर्वक संपन्न कराने और अच्छा प्रदर्शन करने पर सभी विभागों को बधाई दी। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की जिसमें नगरीय निकाय अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने पर समस्त नगरीय निकाय सीएमओ को निर्देश दिए। उन्होंने पशुपालन विभाग एवं वित्त विभाग अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने पर पशुपालन विभाग एवं वित्त विभाग टीम को बधाई दी। उन्होंने राजस्व विभाग अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण की स्थिति ठीक नहीं पाए जाने पर प्रतिदिन पटवारियों की



बैठक लेकर एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण करने समस्त तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को निर्देश दिए । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, एमपीईबी, पीओ डूडा, राजस्व विभाग, श्रम विभाग, परिवहन विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का निराकरण संतुष्टि प्रतिशत से कम होने पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने एवं समयावधि में संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 50 प्रतिशत से कम प्रगति वाले नगरीय निकाय सीएमओ का एक-एक सप्ताह का वेतन काटने नोटिस जारी कर दो हफ्ते में प्रगति बढ़ाने निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने पीएम किसान एवं सीएम किसान सम्मान निधि वितरण कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कार्यक्रम में हितग्राहियों के बैठने की व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं एसएडीओ की बैठक कर सभी तैयारियां सुनिश्चित करने उप संचालक कृषि को निर्देश दिए। उन्होंने लाड़ली बहना योजना अंतर्गत डीबीटी इनेबल्ड पेंडेंसी को शीघ्र क्लियर करने निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना की प्रगति, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना, जल जीवन मिशन, उपार्जन, सामान्य निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण गतिविधियां सहित अन्य समय सीमा संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की।

# मानवाधिकार सुरक्षा संघ ने समाजिक कार्यकर्ताओ का सम्मान किया

**पुष्पांजलि टुडे से मुन्ना खान की रिपोर्ट**



**खरगोन** – मां रेवन्यास सभागृह में मानवाधिकार सुरक्षा संघ के चेयरमैन हारित हरिश्चंद्र गुरुजी(राजस्थान) व प्रदेश अध्यक्ष सतीश गांगले, जिलाध्यक्ष कमल कुमार गांगले,जिला महामंत्री जितेंद्र भालसे,तहसील अध्यक्ष सुनील दवाने,जिलामहासचिव राकेश पंड्या जिला सचिव धर्मेंद्र वर्मा, मुन्ना खान आदि के द्वारा अंबेडकर निशुल्क कोचिंग क्लासेज के चेयरमैन रामेश्वर बडोले को छायाचित्र भेंट कर सम्मानित किया गया साथ ही दिव्यांग संगीता वर्मा का श्रीमती राधा गांगले व शशी जयंत द्वारा महेश्वर किले का छाया चित्र देकर सम्मानित किया गया कांग्रेस दिव्यांग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष चंदू सिसोदिया तथा दिव्यांग जिलाध्यक्ष ललित चावला को सम्मानित कर छायाचित्र भेंट किया चंदू सिसोदिया का दिव्यांग जनों को सूचना करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा था। मानव अधिकार सुरक्षा संघ के द्वारा 30 छायाचित्र व 5 मोमेंट्स प्रदान किए साथ ही कार्यक्रम में आए सभी दिव्यांग जनों को टी-शर्ट भी भेंट की गई साथ ही मानवाधिकार सुरक्षा संघ के द्वारा 500 से अधिक शक्त, निशक्तजनो को भोजन कराया गया,कार्यक्रम का संचालन पत्रकार दिलीप पंचोली ने किया।मानवाधिकार के जिला अध्यक्ष कमल गांगले ने बताया कि हमारे संघ के द्वारा समय-समय पर गरीब व निन्सहाय लोगों की हम मदद करते हैं ठंड के मौसम में गरीबों को कंबल,मरीजो को फल फरूट और सामाजिक आर्थिक रूप से परेशान लोगों की शासन प्रशासन से सहायता करवाना ही मानवाधिकार सुरक्षा संघ का पहला कर्तव्य है।

# राज गोंड ग्रुप सभा निर्वाचन बैठक झरगांव में किया गया संपन्न

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद।** जिला मैनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत झरगांव में दिनांक 11.06.2023को ग्रुप सभा झरगांव का बैठक रखा गया।जिसमें



महिला एवं युवा मोर्चा का गठन किया गया।महिला मोर्चा से श्रीमती संजू ध्रुव को अध्यक्ष, श्रीमती जानकी ओटी को उपाध्यक्ष, निलेन्द्री पाथर को सचिव, एवं युवा मोर्चा से श्री चतुर सिंह ओटी को अध्यक्ष, चैनसिंह ओटी उपाध्यक्ष, नाथूराम नेताम को सचिव पद पर सर्व सम्मति से चुना गया। सभी नव निर्वाचित पदाधिकारी को ग्रुप सभा झरगांव के बधाई एवं शुभकामनाएं दी की इस कार्यक्रम में ग्रुप सभपति श्री सत्यवान सिंह सोरी उप सभापति गुंधर ठाकुर सह सचिव पेनांग पाथरठासंरक्षक श्री फूलसिंह पाथर वरिष्ठ सामाजिक पदाधिकारी श्री केवल सिंह मांझी शिक्षक, दिग्सन मांझी शिक्षक, मनोहर मांझी, दुर्योधन पाथर मालगुजार, जयसिंह ठाकुर, समस्त मादी मुख्या एवं समस्त महिला मोर्चा के पदाधिकारियों एवं समस्त युवा मोर्चा पदाधिकारी उपस्थित थे।

# प्लास्टिक मुक्त एवं हरा-भरा बने हमारा भिण्ड

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर तथा श्रीमती सुरभि मिश्रा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड के आदेशानुसार एवं हिमांशु कौशल जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड के मार्गदर्शन में 05 जून 2023 से 11 जून 2023 तक चलने वाले पर्यावरण संवर्धन एवं सरंक्षण सप्ताह के अंतर्गत भिण्ड जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें आमजनों को पर्यावरण सरंक्षण की महत्ता एवं पौधारोपण के संबंध में जागरुक किया गया एवं ऐसे पदार्थों जो पर्यावरण के तत्व जैसे जन, जल, जंगल, जमीन एवं जानवर को नुकसान पहुंचाते हैं जिसमें विशेषतः प्लास्टिक से बनी चीजें शामिल हैं, के बारे में भी आमजनों को संवेदनशील किया गया। भिण्ड के दूरवर्ती एवं ग्रामीण क्षेत्रों ग्राम चरथर, सदारी का पुरा, रतनुपुरा



एवं मिश्र का पुरा में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन पैरालीगल वॉलेंटियर्स सुमित यादव एवं बृजेन्द्र कुमार द्वारा किया गया जिसमें फलदार वृक्षों जैसे शहतूत, अमरूद तथा शीशम, मीठी नीम आदि प्रकार के पौधों को रोपा जाकर उपस्थित जनों को उनके जीवन में वृक्षों की महत्ता के बारे में जानकारी देकर उन्हें अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इसी क्रम में भिण्ड के शहरी एवं अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में ''प्लास्टिक मुक्त भिण्ड अभियान'' का भी शुभारंभ किया गया जिसके अंतर्गत लोगों को 40 माइक्रोन से कम की थैलियों का उपयोग न करने हेतु लोगों को प्रेरित किया गया तथा प्लास्टिक से होने वाली हानियों के संबंध में भी उन्हें जागरुक किया गया। इसके साथ ही उन्हें बताया गया कि 40 माइक्रोन से कम थिकनेस की थैलियां यदि वो इस्तेमाल करते पाए जाते हैं तो नियमानुसार उन पर 500 रूपये का अर्थदण्ड नगर पालिका/जिला प्रशासन द्वारा लगाया जा सकता है।

# खरगोन ।विधायक कप रात्रिकालीन क्रिकेट स्पर्धा का फायनल मुकाबला देर रात को स्टेडियम पर हुआ यह मुकाबला फाइटर बॉयज़ और लिक्खी ग्राम की टीम के बीच खेला गया जिसमें फाइटर बॉयज़ ने टॉस जीत कर बल्लेबाजी की

## फ़ाइटर ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 6 ओवर में 83 रन बनाये, 84 रन का पीछे करते हुए लिक्खी की पूरी टीम 6 ओवर मैं मात्र 14 रन ही बना सकी फाइटर बॉयज़ ने विधायक कप जीता फाइटर टीम के अयूब आफ द मैच रहे, 17 दिन में 150 टीमों ने मैच खेले



**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

विधायक कप रात्रिकालीन क्रिकेट स्पर्धा 25 मई से 11 जून तक चली कुल 17 दिन तक स्टेडियम पर दूधिया रोशनी में दो मैदानों पर यह स्पर्धा खेली गई जिसमे खरगोन विधासभा की 150 टीमों ने भाग लिया था। गांव की 58. टीम थी तो खरगोन शहर के 33 वार्डो से 92 टीम शहर की शामिल थी इस आयोजन से क्रिकेट के तीन हजार के आस पास खिलाड़ी शामिल थे वही फायनल मुकाबला देखने लगभग पांच हजार दर्शक आए क्वार्टर फायनल और सेमीफायनल मुकाबले भी बड़े रोचक रहे । **विजेता और उपविजेता टीम हुई पुरुस्कृत, विजेता और उपविजेता टीम को नगद राशि के साथ दिया विधायक कप**-विधायक रवि जोशी के आतिथ्य में रात को विजेता टीम फाइटर बाज टीम के कप्तान माही और अयूब को विधायक कप के साथ प्रथम पुरस्कार 55555 राशि नगद दी उपविजेता की नगद राशि 33333 ग्राम लिखी की टीम को दी गई इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाइक, पूर्णा ठाकुर, काकू भाई, सहित आयोजन समिति के जितेंद्र जोशी काका, डी सी ए अध्यक्ष मनोज रघुवंशी, त्रिलोक डंडीर, रविंद्र यादव, दीपक बाघ, नवीन जोशी, गिरीश महाजन (दादू ) मन्नू गोस्वामी,संतोष पाटीदार, अजय मालवीय,रफीक सर, नितिन जैन, मुकेश रोकड़े, पुस्पेंद्र राठौर, राजेश सोनी, मनीष कर्मा, बबलू दांगी,विशाल कराले,सहित ट्रिपल एस जी और डी सी ए के सदस्यओ को सम्मानित भी किया कामेंटर हनीफ बाबा, स्कोरर दिलीप सावले को भी पुरुस्कृत किया कार्क्रम का संचालन दीपक बाघ ने किया आभार रविंद्र यादव ने माना।

# राजनीति के बिपरजाय से सावधान



एक तरफ देश के तटीय इलाकों में चक्रवाती तूफान 'बिपरजॉय' का खतरा मंडरा रहा है। दूसरी तरफ राजनीति का बिपरजाय भी खतरों के संकेत दे रहा है।मौसम विभाग के अनुसार अगले 36 घंटों में बिपरजॉय और भी भयान रूप ले सकता है। इसके बाद यह गंभीर चक्रवाती तूफान बन सकता है। इस तूफान का असर गोवा, कर्नाटक, उत्तरी केरल के तटीय इलाकों में देखने को मिल सकता है। इस दौरान यहां तूफान व तेज बारिश होने की उम्मीद है। लेकिन राजनीतिक चक्रवात का असर महाराष्ट्र के साथ ही पूरी हिंदी पट्टी पर दिखाई दे रहा है। मौसम और राजनीति का रंग लगातार बदल रहा है। हैरानी होती है जब महाराष्ट्र में शरद पवार तथा संजय राऊत जैसे दिग्गजों को जान से मारने की धमकियां दी जाती है,वही दूसरी ओर बृजभूषण जैसे सांसदों को बचाने के लिए सत्तारूढ़ भाजपा पूरी ताकत झोंक देती है।जैसे मौसम पर किसी का काबू नहीं होता वैसे ही राजनीति पर भी अब नियंत्रण कठिन काम है। महाराष्ट्र में सियासत इतनी गन्दी हो जाएगी, किसी ने शायद सोचा भी नहीं होगा। गाली और गोली की सियासत अब घातक होती जा रही है। सबको अपनी जान के लाले पड़ गए हैं। सरकार आम आदमी को तो छोड़िए खास आदमी तक को संरक्षण नहीं दे पा रही। सरकार को भी बृजभूषण जैसों को संरक्षण देना पड़ रहा है। दरअसल बाहुबली सभी राजनीतिक दलों की जरूरत है।

राजनीति का बिपरजाय राजस्थान में भी सक्रिय नजर आ रहा है। यहां कांग्रेस के सचिन पायलट सियासत के सचिन तेंदुलकर बनने पर आमादा है।वे विरोध और बगावत की क्रीज छोड़ने को राजी ही नहीं है। कोई उन्हें समझाने वाला नहीं है कि पार्टी छोड़ने या तोड़ने वालो का अंत बहुत अच्छा नहीं होता।यकीन न हो तो अतीत में झांककर देख लीजिए।

एक जमाने में अर्जुन सिंह और नारायण दत्त तिवारी ने कांग्रेस से बगावत की थी, अपनी कांग्रेस बनाई थी। उमा भारती ने भी यही सब किया। गुजरात के केसूभाई भी बागी बने लेकिन नाकाम होने के बाद वापस अपने पुराने घरों में लौट गए। ममता बनर्जी जैसे अपवाद हैं। वे भी अब राष्ट्रीय के बजाय क्षेत्रीय क्षत्रप हैं। बिपरजाय की तरह कहर बरसाना आसान काम नहीं। लेकिन बहुत कठिन भी नहीं है। जनता ने हाल ही में कर्नाटक में भाजपा के बिपरजाय को नाकाम कर दिखाया। दिल्ली, हिमाचल, पंजाब और बिहार में भाजपा का बिपरजाय भाजपा पर कहर बनकर टूटा। बावजूद इसके भाजपा विपक्ष के बिपरजाय का डटकर सामना किया और लगातार कर रही है।भाजपा और कांग्रेस के सामने अलग -अलग तरह के बिपरजाय हैं। दोनों देश के बाहर सात समंदर पार भी एक दूसरे का मुकाबला कर रहे हैं। अमेरिका में राहुल गांधी के हमलों का मुकाबला जब विदेश मंत्री जयशंकर से नहीं हुआ तो खुद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को कमर कसना पड़ी। वे 22 जून को खुद अमेरिका जा रहे हैं। वे वहां गरजेंगे भी और बरसेंगे भी।कोई भी चक्रवात हो , अगर कहर बरसाता है तो लाभ भी देता है। अगर बाढ़ आती है तो फसलें भी अच्छी होती है। भारतीय लोकतंत्र और भारतीय मौसम एक जैसा होता है। अनिश्चित, अकल्पनीय, अयाचित । पता नहीं कब,कौन सी करवट ले ले।इस स्थिति में बचने का एक ही उपाय है सावधानी।सो सतत् सावधान रहने की जरूरत है। सावधानी हटी और दुर्घटना घटी। बिपरजाय से सावधान रहें किंतु इसे इंजाय भी करें।न डरें,न भागें। मुकाबला करें। ये चक्रवात आते - जाते रहते हैं। इन्हें रोका नहीं जा सकता। भारतीय राजनीति को इन चक्रवातों से जूझने का खूब तजुर्बा है।ये इंदिरा गांधी को भी देख चुकी है। ये नरेन्द्र मोदी को भी देख रही है। इसने सरदार बल्लभभाई पटेल भी देखें हैं और अमित शाह भी। कोई घड़ी पार है, तो कोई तड़ीपार। आसमान में छाए हर बादल से बरसने की उम्मीद नहीं की जा सकती।हर बादल में पानी होता भी नहीं है। बादल हों या बादशाह सबका पानीदार होना जरूरी है। पानी का उतरना या न होना आभा को नष्ट करता है। रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून ।



लेखक
राकेश अचल

# अमेरिका के जाल में तो नहीं फंस रहा भारत?

इन दिनों अमेरिका भारत को लेकर बड़ा खेल खेल रहा है। भारत अमेरिका के लिए अति महत्वपूर्ण है। नाटो संगठन भारत को अपना केंद्र बिंदु बनाना चाहता है। भारत -प्रशांत क्षेत्र में नाटो संगठन का सहयोगी देश है। नाटो संगठन ने भारत को नाटो प्लस का दर्जा देने की जो पेशकश की है। यदि यह दर्जा भारत स्वीकार कर लेता है, तो यह अमेरिका के मकड़जाल में फंसने जैसा है। भारत को इस समय अमेरिका चीन और रूस के साथ अपने संबंधों को लेकर बहुत सतर्क रहने की जरूरत है। इस साल मार्च माह में नाटो संगठन की जो बैठक हुई थी,उसमें भारत को अमेरिका के साथ सहभागिता बढ़ाने और चीन के साथ संबंधों को लेकर भी काफी विचार विमर्श हुआ था। भारत अपनी पुरानी विदेश नीति के कारण महाशक्तियों के जाल में फंसने से बचा रहा है। स्वतंत्रता के बाद से ही गुटनिरपेक्ष देश के रूप में भारत ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। राजनीतिक और सैन्य संबंधों को लेकर भारत कभी किसी के ऊपर आश्रित नहीं हुआ। जिसके कारण भारत सारे विवादों से दूर रहते हुए अपनी स्वतंत्र भूमिका बनाकर रख सका। नाटो के वर्तमान में 31 सदस्य देश हैं। अगर किसी सदस्य देश पर हमला होता है, तो नाटो संगठन इसे सामूहिक हमले के रूप में स्वीकार करता है। नाटो प्लस देशों को यह सुरक्षा कवच प्राप्त नहीं होता है। नाटो प्लस के सुरक्षा कवच मे नाटो संगठन संबंधित देश को खुफिया सूचनाएं हथियार और सैन्य सहयोग बढ़ाते हैं। अमेरिका और नाटो देशों के इस दबाव को भारत को स्वीकार नहीं करना चाहिए। इससे भारत को भारी दूरगामी नुकसान होगा। जो स्थिति आज पाकिस्तान और यूक्रेन की है। उससे भी ज्यादा खराब स्थिति भारत की हो सकती है। इस तथ्य को भारत सरकार को ध्यान में रखना होगा। यदि भारत ने नाटो प्लस का दर्जा स्वीकार किया। तो अन्य महाशक्तियों से भारत की दूरी बनना तय है। भारत एक उभरती हुई महाशक्ति बनने जा रहा है। भारत को सभी के साथ अपने संबंध इस तरह से रखना होंगे, कि सभी लोग भारत की निष्पक्ष और गुटनिरपेक्ष नीति के कारण भारत के ऊपर विश्वास रख सकें। तभी हमें इसका लाभ मिलेगा। पश्चिमी देश, चीन पर अंकुश लगाने के लिए भारत को एक साधन के रूप में इस्तेमाल करना चाहते हैं। इसके लिए भारत पर वह निरंतर अपना दबाव,तरह-तरह से बना रहे हैं। नाटो संगठन और अमेरिका अपने सहयोगी देशों का उपयोग कर उन्हें अकेला बीच मझधार में छोड़ देता है। पूर्व में हुए घटनाक्रमों से यह अच्छी तरीके से जाना जा सकता है। भारत यदि नाटो प्लस में शामिल होगा। तो भारत के अन्य देशों के साथ विशेष रुप से रूस -चीन जैसे देशों से दूरियां बनेगी। जो वर्तमान परिस्थितियों में सबसे घातक होंगी।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजनायिक यात्रा पर अमेरिका जा रहे हैं। भारत अमेरिका से फाइटर जेट इंजन की तकनीकी साझा करने पर चर्चा कर रहा है। भारत अमेरिका से 30 ड्रोन खरीदने की योजना भी बना रहा है। 3 अरब डालर से ज्यादा का यह सौदा अमेरिका के साथ होगा। इस यात्रा के दौरान अमेरिका हर हालत में भारत को प्रभावित कर, नाटो प्लस का दर्जा स्वीकार करने का दबाव बनाने की कोशिश करेगा।



लेखक
सनत जैन

# सही करियर चुनने का महत्व सबसे जटिल है

समीक्षक
विजय गर्ग



**सही करियर चुनने का महत्व सबसे जटिल है। ऐसे पेशे हैं जो इन डिमांड हैं और जो नॉट इन डिमांड हैं। ये इन डिमांड पेशे आकर्षक हैं और उनके विरोधी समकक्ष नहीं हैं। यहां, किसी के लिए ऐसा करियर चुनना आसान हो जाता है जो स्पष्ट हो - इन डिमांड वाले।**

करियर को एक विशेष व्यवसाय जिसके लिए प्रशिक्षित किया जाता है के रूप में परिभाषित किया गया है। हम इसके दूरगामी प्रभाव और इसके दायरे को समझते हैं, जितना हमने कभी महसूस किया है, उससे कहीं अधिक, बेहतर। यह परिदृश्य प्राचीन काल में स्पष्ट नहीं था, किसी को करियर की परवाह नहीं थी, हर कोई जिस भी पेशे को अपना रहा था, उससे खुश था। औद्योगीकरण और वैश्विक अर्थव्यवस्था में शिक्षा के विकास ने हमें करियर के महत्व का एहसास कराया और बताया कि करियर की योजना कैसे बनाई जा सकती है। इस प्रकार, ऐसे समय में जब हम सिर्फ एक डॉक्टर, इंजीनियर या वकील होने के बारे में सोच सकते थे, 21वीं सदी में करियर की एक नई नस्ल सामने आई। अब, हमारे पास पहले से कहीं अधिक करियर विकल्प हैं और इन विकल्पों ने हमें करियर चुनने के असीमित अवसर प्रदान किए हैं। दूसरी तरफ, इतने सारे विकल्प किसी के दिमाग को परेशान करते हैं कि किस व्यक्ति को अपना करियर बनाना चाहिए? संभावित उम्मीदवार की मुश्किलें बढ़ाने के लिए, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विभिन्न सफलताओं ने नेवर हर्ड ऑफ विशेषज्ञता और उनके परिणामी करियर की शुरुआत की है। सही करियर चुनने का महत्व सबसे जटिल है। ऐसे पेशे हैं जो इन डिमांड हैं और जो नॉट इन डिमांड हैं। ये इन डिमांड पेशे आकर्षक हैं और उनके विरोधी समकक्ष नहीं हैं। यहां, किसी के लिए ऐसा करियर चुनना आसान हो जाता है जो स्पष्ट हो - इन डिमांड वाले। हम में से अधिकांश के लिए, पैसा सबसे ज्यादा मायने रखता है जब करियर बनाने की बात आती है। हालाँकि, हममें से कुछ लोग जो करते हैं उसके बारे में भावुक होते हैं और हम अपने विश्वासों के बजाय अपनी प्रवृत्ति का पालन करते हैं। और, कुछ ऐसे भी हैं जो जेब में अधिक धन प्रदान करने वालों का अनुसरण करने की अपनी आकांक्षाओं पर अंकुश लगाएंगे। ऐसे पेशेवर उतने सफल नहीं हो सकते जितने होने चाहिए, वे उतने कुशल नहीं हो सकते जितने कि उनके काम के लिए जरूरी हैं और यदि वे सफलता प्राप्त करते हैं, तो यह उनकी वास्तविक आकांक्षाओं की कीमत पर हासिल की जाती है। फिर हममें से कुछ ऐसे हैं जो असमंजस की स्थिति में हैं कि कौन सा करियर चुनें? मार्गदर्शन और जानकारी के लिए किसे देखना है। यहीं पर हमारी भूमिका सामने आती है, क्योंकि इस खंड का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य आपको सर्वोत्तम संभव तरीके से मार्गदर्शन करने पर आधारित है और सबसे सस्ता भी! स्कूल करियर के बाद स्कूल के बाद के करियर को उन लोगों के लिए संदर्भित किया जा सकता है, जिनका अनुसरण स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद किया जा सकता है, ज्यादातर



हाई स्कूल या माध्यमिक स्कूल शिक्षा के बाद। दूसरे शब्दों में, करियर जो ग्रेजुएशन से पहले किया जा सकता है। यहां हम सिर्फ गर्मियों की नौकरियों या नींबू पानी बेचने से नहीं निपट रहे हैं बल्कि हम एक बड़ी तस्वीर देख रहे हैं। जो छात्र अपने स्कूल के तुरंत बाद करियर बनाना चाहते हैं, वे अपने कौशल और रुचि के आधार पर विभिन्न व्यवसायों का विकल्प चुन सकते हैं। स्नातक आधारित करियर की तुलना में ये सुविधाजनक और निश्चित अर्थों में लाभदायक करियर हैं। जरूरी नहीं है कि सुविधाजनक करियर सबसे आसान हो, इसके लिए उतनी ही मेहनत या उससे भी ज्यादा मेहनत की जरूरत होती है, जितनी कि स्नातकों को करनी होगी। वे इस अर्थ में सुविधाजनक हैं कि उन्हें स्कूल से उत्तीर्ण होने के बाद प्राप्त किया जा सकता है क्योंकि उन्हें स्नातक की आवश्यकता नहीं होती है। स्कूल के बाद के करियर की लाभप्रदता काफी हद तक एक व्यक्ति की प्रवीणता पर आधारित होती है। इस प्रवीणता के आधार पर कोई भी स्नातक या स्नातकोत्तर पेशेवर जितना कमा सकता है। छात्र आफ्टर स्कूल करियर क्यों चुनते हैं? कई छात्र आफ्टर स्कूल करियर के लिए क्यों जाते हैं, इसके कई कारण हैं। इन्हें नीचे समझाया गया है- पढ़ाई में कमजोर- बहुत से लोग पढ़ाई में अच्छे नहीं होते हैं, भले ही उनके पास एउच्च बुद्धि। स्कूल में लगातार होने वाली झिझक और शर्मिंदगी उन्हें अपमान सहने के लिए कॉलेज में कुछ साल और लटकने के बजाय स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद करियर बनाने के लिए मजबूर करती है। धन की कमी या कमी- अधिकांश छात्र जो जल्द से जल्द कमाने के लिए उत्सुक होते हैं, वे इस तरह के करियर के लिए जाते हैं। उनकी उत्सुकता का कारण आर्थिक तंगी है जो उन्हें कॉलेज में पढ़ने के बजाय नौकरी की तलाश करने के लिए मजबूर करती है। अनुभव- कुछ ऐसे व्यक्ति हैं जो फर्स्ट-हैंड जॉब एक्सपीरियंस चाहते हैं। कारण अलग-अलग हो सकते हैं, जिनमें से कुछ राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्नातक स्तर पर एक बड़े पद के लिए योजना बना सकते हैं। कुछ मामलों में, यह केवल उम्र बढ़ने या केवल महत्वाकांक्षी रवैये के कारण हो सकता है। प्रारंभिक शुरुआत:जिन लोगों के पास नौकरी नहीं है, उन्हें ज्यादातर तब भी हेय दृष्टि से देखा जाता है, जब उन्होंने अभी-अभी स्कूल पूरा किया हो। यह कई लोगों के लिए प्रतिष्ठा का मुद्दा बन जाता है और वे बेरोजगार के रूप में टैग किए जाने के बजाय नियोजित के रूप में जाना चाहते हैं। इसलिए स्कूल के तुरंत बाद नौकरी समाज के लिए तत्काल उत्तर है। पर्याप्त शिक्षा- जो उम्मीदवार पढ़ाई से थक चुके हैं और शिक्षा के नीरस शासन से बोझिल महसूस करते हैं, वे इस तरह के करियर का चुनाव करते हैं। उनके लिए स्कूली शिक्षा ही काफी है। उन्हें ग्रेजुएशन की सबसे कम चिंता है। स्वतंत्रता की भावना- स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद हममें से बहुत से लोगों का यह विचार है कि वे अपने माता-पिता के साथ पर्याप्त रूप से रह चुके हैं और अब आगे बढ़ने का समय आ गया है। उनमें से कई के लिए, यह परिवार के कामों से छुटकारा और अधिकार से मुक्ति है। वे अपने लिए एक जगह तलाशना और तराशना चाहते हैं और अपने पैरों पर खड़े होना चाहते हैं और आर्थिक और सामाजिक रूप से स्वतंत्र होना चाहते हैं। कॉलेज फीस का स्रोत- विभिन्न स्कूलों में स्कूली शिक्षा मुफ्त है लेकिन जरूरी नहीं कि कॉलेजों में ही हो। अगर किसी प्रतिष्ठित कॉलेज में पढ़ाई करनी है तो कॉलेज की पढ़ाई महंगी हो सकती है। यह उन लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन जाता है जो इसे अपना चुना हुआ कॉलेज बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। साथियों का दबाव- कभी-कभी छात्र अपने दोस्तों का अनुसरण करने लगते हैं। वे देखते हैं कि कुछ छात्र कमा रहे हैं और नहीं। यहीं पर उन पर परोक्ष रूप से नौकरी दिलाने का दबाव बनाया जाता है। अन्य मामलों में, अंशकालिक होने पर भी व्यवसाय न करने के लिए उन्हें चिढ़ाया जा सकता है। स्कूल करियर के बाद आम सेल्स रिप्रेजेंटेटिव- एक छात्र के लिए सबसे आसान करियर सेल्स रिप्रेजेंटेटिव का करियर है। सेल्स रिप्रेजेंटेटिव की नौकरी पाना आसान है, लेकिन फिर भी यह एक आसान करियर का रास्ता नहीं है, लेकिन अगर सही दृष्टिकोण और तकनीकों के साथ पीछा किया जाए तो कुछ ही समय में शीर्ष स्तर तक पहुंचा जा सकता है। स्वतंत्र लेखक- यदि आपको अंग्रेजी पर महारत हासिल है और रचनात्मक लेखन में रुचि है तो आप एक स्वतंत्र लेखक बनने के लिए उपयुक्त उम्मीदवार हैं। अनुभव के साथ, कोई भी विभिन्न प्रकाशनों के साथ काम कर सकता है और केवल एक काम के लिए अच्छी रकम कमा सकता है। फ्रीलांस राइटर बनने के लिए जरूरी नहीं है कि आपके पास अंग्रेजी या पत्रकारिता की डिग्री हो। एनिमेटर- एनिमेटर बनने के इच्छुक लोगों के लिए तेजी से बढ़ता एनिमेशन उद्योग आकर्षण का केंद्र है। हालांकि बुनियादी कंप्यूटर ज्ञान जरूरी है, इस करियर को आगे बढ़ाने के लिए कॉलेज की डिग्री होना जरूरी नहीं है। आपको केवल विशद कल्पना और आवश्यक माध्यम पर इसे लागू करने की क्षमता की आवश्यकता है। ग्राफिक आर्टिस्ट: यह भी कलात्मक रूप से इच्छुक व्यक्तियों के लिए एक और रचनात्मक कैरियर मार्ग है। ग्राफिक कलाकारों को अपने ग्राहकों की ज़रूरतों को चित्रित करने के लिए अच्छे विज़ुअलाइज़ेशन और रचनात्मकता की आवश्यकता होती है। कमर्शियल पायलट- कमर्शियल पायलट एक अन्य क्षेत्र है जहां क्वालिफिकेशन की तुलना में स्किल्स अधिक महत्वपूर्ण हैं, भले ही क्वालिफिकेशन द्वऔपचारिकता अधिक है।

# भारतीय बैंकों की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ तो हुई है परंतु अभी भी सतर्कता जरूरी

पको याद होगा कि कुछ समय पूर्व ही भारतीय रिजर्व बैंक ने सरकारी क्षेत्र की 11 बैंकों को, इन बैंकों में खराब कर्ज के खतरनाक स्तर तक बढ़ जाने के कारण, त्वरित सुधारात्मक ढांचे के तहत रखा था। पिछले कुछ वर्षों के दौरान सरकारी क्षेत्र के बैंकों को कम पूंजी आधार, गैर-पेशेवर प्रबंधन, हताश कर्मचारियों और भारी अक्षमताओं सहित कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। परंतु, केंद्र सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक ने भारतीय बैंकों की वित्तीय स्थिति को सुधारने की दृष्टि से कई उपाय किये एवं केंद्र सरकार ने पांच वित्त वर्षों के दौरान (वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2020-21 तक) सरकारी क्षेत्र के बैंकों के पुनर्पूंजीकरण के लिए 3,10,997 करोड़ रुपये का अभूतपूर्व निवेश किया। इससे इन बैंकों को आवश्यक मदद मिली और उनकी ओर से किसी भी चूक की आशंका खत्म हो गई। अभी हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन जारी किया गया है। इस प्रतिवेदन में भारतीय बैंकों की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ बताया गया है एवं इस प्रतिवेदन के अनुसार दिसम्बर 2022 को समाप्त अवधि में भारतीय बैंकिंग क्षेत्र में पूंजी पर्याप्तता अनुपात 16.1 प्रतिशत, सकल गैरनिष्पादनकारी आस्तियों का प्रतिशत 4.41 प्रतिशत एवं प्रोविजन कवरेज अनुपात 73.20 प्रतिशत हो गया है। वित्तीय वर्ष 2017-18 में सरकारी क्षेत्र के बैंकों ने जहां 85,390 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा दर्शाया था, वहीं वित्तीय वर्ष 2021-22 में इन बैंकों ने 66,539 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया है, और अब यह अनुमान लगाया जा रहा है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत में सरकारी क्षेत्र की बैंकों का लाभ एक लाख करोड़ के आंकड़े को पार कर सकता है। इस प्रकार सरकारी क्षेत्र के बैंकों का तो एक तरह से कायाकल्प ही हो गया है।

बैंकिंग उद्योग किसी भी देश में अर्थ जगत की रीढ़ माना जाता है। बैंकिंग उद्योग में आ रही परेशानियों का निदान यदि समय पर नहीं किया जाता है तो आगे चलकर यह समस्या उस देश के अन्य उद्योगों को प्रभावित कर, उस देश के आर्थिक विकास की गति को कम कर सकती है। इसलिए पिछले 9 वर्षों के दौरान केंद्र सरकार ने बैंकों की लगभग हर तरह की समस्याओं के समाधान हेतु कई ईमानदार प्रयास किए हैं। गैरनिष्पादनकारी आस्तियों से निपटने के लिए दिवाला एवं दिवालियापन संहिता लागू की गई है। देश में सही ब्याज दरों को लागू करने के उद्देश्य से मौद्रिक नीति समिति बनायी गई है। साथ ही, दिनांक 30 अगस्त 2019 को देश की वित्त मंत्री माननीया श्रीमती निर्मला सीतारमन ने बैंकिंग क्षेत्र को और अधिक मजबूत बनाए जाने के उद्देश्य से सरकारी क्षेत्र के बैंकों के आपस में विलय की घोषणा की थी। सरकारी क्षेत्र के बैंकों की, समेकन के माध्यम से, क्षमता अनवरोधित (अनलाक) करने के उद्देश्य से सरकारी क्षेत्र के बैंकों के आपस में विलय की घोषणा की गई थी। इन बैंकों के विलय में इस बात का विशेष ध्यान



रखा गया था कि इनके विलय से किसी भी ग्राहक को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो, ये तकनीक के लिहाज से एक ही प्लेट्फार्म पर हों, इन बैंकों की संस्कृति एक ही हो तथा इन बैंकों के व्यवसाय में वृद्धि दृष्टिगोचर हो। वर्ष 2017 में भारत में सरकारी क्षेत्र के 27 बैंक थे लेकिन इनके आपस में विलय के बाद अब केवल 12 सरकारी क्षेत्र के बैंक रह जाएंगे। इस प्रकार देश में सरकारी क्षेत्र के बैंकों को अगली पीढ़ी के बैंकों का रूप दिया जा रहा है। उक्त विलय के बाद इन सरकारी क्षेत्र के बैंकों के बड़े हुए आकार ने इन बैंकों की ऋण प्रदान करने की क्षमता में अभितपूर्व वृद्धि की है। इन बैंकों की राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत उपस्थिति के साथ ही इनकी अब अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पहुंच बन गई है। विलय के बाद इन बैंकों की परिचालन लागत में कमी आई है जिससे इनके द्वारा प्रदान किए जा रहे ऋणों की लागत में भी सुधार हुआ है। इन बैंकों द्वारा बैंकिंग व्यवसाय हेतु, नई तकनीकी के अपनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है जिससे इनकी उत्पादकता में उल्लेखनीय सुधार होता दिखाई दे रहा है। इन बैंकों की बाजार से संसाधनों को जुटाने की क्षमता में भी सुधार हुआ है।

केंद्र सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक के संयुक्त प्रयासों से भारत में समस्त वर्गीकृत वाणिज्यिक बैंकों में पूंजी पर्याप्तता अनुपात 31 मार्च 2022 को समाप्त अवधि में 16.7 प्रतिशत के सराहनीय स्तर पर पहुंच गया है। जबकि अंतरराष्ट्रीय मानदंडो के अनुसार, बैंकों में पूंजी पर्याप्तता अनुपात न्यूनतम 8 प्रतिशत (एवं 2.5 प्रतिशत के पूंजी कंजर्वेटिव बफर को मिलाकर 10.5 प्रतिशत) होना बैंकों के लिए आवश्यक माना जाता है। इसी प्रकार, भारत में वर्गीकृत वाणिज्यिक बैंकों की आस्तियों पर आय एवं इक्विटी पर आय भी इस अवधि में संतोषप्रद रही है, जिसके चलते पूंजी पर्याप्तता अनुपात में भी लगातार सुधार हो रहा है, जो मार्च 2020 में 14.7 प्रतिशत से बढ़कर सितम्बर 2020 में 15.8 प्रतिशत हो गया एवं मार्च 2021 में 16 प्रतिशत होकर मार्च 2022 में 16.7 प्रतिशत हो गया है। वर्गीकृत वाणिज्यिक बैंकों में सकल गैरनिष्पादनकारी आस्तियों एवं शुद्ध गैरनिष्पादनकारी आस्तियों का प्रतिशत भी 30 सितम्बर 2022 को समाप्त तिमाही में कम होकर 5.0 प्रतिशत (पिछले 7 वर्षों के न्यूनतम स्तर पर) एवं 1.3 प्रतिशत (पिछले 10 वर्षों के न्यूनतम स्तर पर) क्रमशः हो गया है। सकल गैरनिष्पादनकारी आस्तियां मार्च 2020 में 8.4 प्रतिशत, मार्च 2021 में 7.3 प्रतिशत एवं मार्च 2022 में 5.9 प्रतिशत रही हैं। साथ ही, शुद्ध गैरनिष्पादनकारी आस्तियां मार्च 2020 में 3.0 प्रतिशत, मार्च 2021 में 2.4 प्रतिशत एवं मार्च 2022 में 1.7 प्रतिशत की रही हैं। कोरोना महामारी के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक ने प्रभावित हुए ऋण खातेदारों को उनके द्वारा अदा किये जाने वाले ब्याज एवं किश्त की अदायगी में छूट प्रदान की थी, जिसके कारण भी गैर निष्पादनकारी आस्तियों में कमी दृष्टिगोचर हुई है। परंतु उक्त बैंकों के प्रोविजन कवरेज अनुपात में सुधार हुआ है और यह मार्च 2021 के 67.6 प्रतिशत से बढ़कर 31 मार्च 2022 को 70.9 प्रतिशत हो गया है। इसका आशय यह है कि इन बैंकों ने अपने खातों में गैरनिष्पादनकारी आस्तियों के लिए पर्याप्त मात्रा में प्रोविजन कर लिया है। यदि आगे आने वाले समय में इन गैरनिष्पादनकारी आस्तियों में समस्या होती है तो बैंकों को इस प्रकार की समस्या से निपटने में आसानी होगी। अभी हाल ही में किए गए एक आंकलन के अनुसार अमेरिका के 160 बड़े बैंकों (जिनके पास 500 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक राशि की आस्तियां हैं) को 20,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है। अमेरिका की रेटिंग संस्थाओं स्टैंडर्ड एंड पूअर्स एवं फिच ने कुछ बैंकों की रेटिंग घटाकर जंक श्रेणी में डाल दी है क्योंकि यह बैंक अपने जमाकर्ताओं को राशि वापिस करने की स्थिति में नहीं है।

## बाल श्रम समाज का एक अभिशाप



मां सरस्वती शिक्षा समिति के प्रबंधक इं विपिन कुमार जैन ने कहा कि बालश्रम की सबसे बड़ी वजह ही गरीबी है। जिससे मजबूर होकर बच्चों को मजदूरी करना पड़ता है। गरीबी को पूरी तरह मिटाने में अभी और कई साल लगने वाले हैं लेकिन बाल श्रम पर रोक लगाने के लिए कई संगठन कोशिश कर रहे हैं और कुछ हद तक कामयाब भी हुए हैं, जिसकी वजह से बच्चे शिक्षा का ऑप्शन छोड़कर मजबूरी वश मजदूरी करना चुनते हैं। इसके अलावा, कई सारे बच्चों को संगठित अपराध रैकेट द्वारा भी बाल श्रम के लिए मजबूर किया जाता है। तो इस दिन को विश्व स्तर पर मनाए जाने का उद्देश्य इन्हीं चीज़ों के ऊपर लोगों का ध्यान आकर्षित करना है, जिससे बच्चों को बाल श्रम से रोका जा सके।

## रावत मीणा समाज के युवाओं द्वारा समाज हित में चलाई जा रही है निःशुल्क लाइब्रेरी



**सबलगढ़।** विजयपुर, बीरपुर, जौरा क्षेत्र के युवाओं द्वारा समाज हित में बच्चों की आज की मुख्य आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सबलगढ़ में सामाजिक विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क लाइब्रेरी का सफल संचालन किया जा रहा है , आपको बता दें युवाओं द्वारा रावत मीणा समाज युवा कौशल विकास संस्था नाम की रजिस्टर्ड संस्था के माध्यम से इस मुहिम का संचालन किया जा रहा है जिसके दौरान समाज के होनहार ऐसे विद्यार्थियों के लिए जो आर्थिक तंगी की वजह से अपनी अध्यापन प्रक्रिया ग्वालियर इंदौर भोपाल जैसे बड़े शहरों में जाकर नहीं कर पाते उनके लिए समाज के युवाओं ने मिलजुल कर एक निर्णय लिया जिसके तहत सबलगढ़, विजयपुर, बीरपुर एवं जौरा क्षेत्र के गरीब तबके के होनहार युवा विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क लाइब्रेरी की।

## गुरु के श्रीचरणों में समर्पित हुए बगैर आत्मतत्व प्राप्त नहीं हो सकता



गुरु नानक देव आत्मसाक्षात्कारी संत थे। वे कहते थे आत्मस्वरूप ओमकार प्रधान है। आत्मस्वरूप या परमात्मस्वरूप इस संपूर्ण ब्रह्मांड का कर्ता, कर्विता और भोक्ता भी है। वह आत्मस्वरूप कालातीत, निर्भय, अविकारी, आदि, अनादि अयोनिज (अर्थात किसी भी योनि से न जन्मे हुए) और सत्यस्वरूप है। और परमात्मा के इस आत्मस्वरूप को हम कैसे प्राप्त कर सकते है। तो वे उत्तर देते हैं ÷गुरुप्रसाद अर्थात गुरु के श्रीचरणों में समर्पित हुए बगैर वह आत्मतत्व हमें प्राप्त नही हो सकता। वह आत्मतत्व गुरुप्रसाद है। गुरुनानक देव सभी को समान उपदेश देते थे। एक बार नवाब साहब के यहाँ, मेहमान बनकर गये। नवाब साहब बोले आप तो महान संत है। हिंदू और मुसलमानो में भेद नहीं करते, तो आज चलिये, हमारे साथ, नमाज पढिये।

## पंडित रामप्रसाद बिस्मिल की जयंती ब्राह्मण समाज ने मनाई



**ग्वालियर।** ब्राह्मण समाज,ग्वालियर द्वारा आज क्रान्तिकारी पडित रामप्रसाद बिस्मिल जी की दिनाक 11 जून दोपहर 2-00 बजे भारद्वाज मेशन, दौलतगज, लश्कर पर ब्राह्मण सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के सस्थापक डा जयवीर भारद्वाज जी मुख्य वक्ता थे। जबकि श्री श्याम बाबू शर्मा की अध्यक्षता मे की । इसके साथ ही समिति स्वागताध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा एव कोषाध्यक्ष रवीन्द्र नाथ नायक जी,डा महेश शर्मा जी ने भी विचारव्यक्त किए। सचालन भूवनेश्वर सोनू बाजपेई ने किया। अतिथियो ने शहीद रामप्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण डा जयवीर भारद्वाज, श्याम बाबू शर्मा, प्रकाश नारायण, शर्मा, भुवनेश्वर बाजपेई, नितिन मिश्रारं, मनोज त्रिपाठी, अतुल कविश्वर, अवनीश ललित गौड़, दीपक शर्मा, प्रिया शर्मा, श्वेता शर्मा, नेहा कौल,सुलेख।

## अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने निकाली पेंशन परिवर्तन महारैली : एमन्त ठाकरे :



**बालाघाट।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने निकाली पेंशन परिवर्तन महारैली एमन्त ठाकरे अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश के आव्हान पर आज 11 जून 2023 को अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा बालाघाट के द्वारा जिला पंचायत बालाघाट के सामने एकत्रित होकर रैली के माध्यम से अपनी न्यायोचित मांग को लेकर हजारो की संख्या में पेंशन परिवर्तन महारैली निकालकर काली पुतली चौक, अम्बेडकर चौक होते हुये कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर माननीय मुख्यमंत्री महोदय के नाम माननीय कलेक्टर महोदय बालाघाट को ज्ञापन सौपा गया। संयुक्त मोर्चा के घटक संघ आजाद अध्यापक शिक्षक संघ बालाघाट के जिलाध्यक्ष आशीष बिसेन एवं जिला सचिव श्री एमन्त ठाकरे ने बताया कि मध्यप्रदेश के पुरे 52 जिलो में अध्यापक शिक्षक एक बैनर एक उद्देश्य एक सोच के साथ संगठित हो चुका।

# कलेक्टर द्वारा खनिज कोपरा/ मुरम के अवैध उड़खनन/ भंडारण के प्रकरण में जेसीबी एवं ट्रैक्टर-ट्राली के मालिक के विरूद्ध 1 लाख 63 हजार 24 रूपये की शास्ति अधिरोपित

**गुना/** कलेक्ड़टर श्री फ्रेंक नोबल ए. द्वारा खनिज कोपरा/ मुरम के अवैध उत्ड़खनन/ भंडारण के प्रकरण में जेसीबी एवं ट्रेक्ड़टर-ट्राली के मालिक के विरूद्ध 1 लाख 63 हजार 24 रूपये शास्ति अधिरोपित करने के आदेश जारी किए गए हैं। खनिज अधिकारी द्वारा प्रस्ड़तुत प्रतिवेदन अनुसार दिनांक 03 जून 2023 को राघौगढ़ अंतर्गत ग्राम भोलापुरा स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 69/6 में अवैध रूप से कोपरा/ मुरम का अवैध उत्खनन / भंडारण किया जा रहा था। मौके पर कार्यवाही के दौरान हरिसिंह पुत्र ओमकार सिंह नि. साकोन्या, पवन पुत्र मुन्नालाल नि0 राधौगढ, राजाराम पुत्र भरोसालाल अहिरवार नि. नीमखेडी से एक जेसीबी मशीन क्रमांक एमपी 08 डीए 0445 एवं दो ट्रेक्टर ट्राली (न्यू हॉलेन्ड चे.नं. 82822691 3006 एए, ट्रेक्टर स्वराज- 744- एमबीएनबीयू 53 एएपीटीडी 56939) से उक्त स्थान पर कोपरा/ मुरम का 108.016 घनमीटर का उत्खनन/भंडारण किये जाते हुये जप्त किये गये। जेसीबी तथा दो ट्रेक्ड़टर ट्राली मालिक राजू गुर्जर पुत्र सूरजलाल गुर्जर निवासी ग्राम नारायणपुरा




राघौगढ जिला गुना / चालकों द्वारा उत्खनन/ भंडारण किये जाने हेतु वैधानिक अनुमति पेश नही की गई। वाहन मालिक/ चालकों द्वारा किये गये कृत्य के लिये खनिज प्रावधान अनुसार जेसीबी मशीन व दो ट्रेक्टर ट्रॉली जप्त कर पुलिस थाना विजपुर की सुपुर्दगी में दिया गया। खनिज अधिकारी द्वारा प्रस्ड़तुत प्रतिवेदन के आधार पर जप्ड़त वाहन के स्ड़वामी राजू गुर्जर पुत्र सूरजलाल गुर्जर को विधिवत कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। कलेक्टर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों का म.प्र. खनिज नियम (अवैध खनन, परिवहन, तथा भण्डारण, का निवारण) नियम 2022 एवं जेसीबी एवं ट्रेक्ड़टर ट्राली मालिक द्वारा प्रस्तुत जवाब के परीप्रेक्ष्य में सूक्ष्मता से अवलोकन कर खनिज अधिकारी जिला गुना को निर्देशित किया गया कि जेसीबी एवं दो ट्रेक्टर ट्राली मालिक राजू गुर्जर पुत्र सूरजलाल गुर्जर निवासी ग्राम नारायणपुरा राघौगढ जिला गुना द्वारा चालान के माध्यम से कुल शास्ति राशि 1,63,024 रूपये (प्रशमन राशि सहित) राशि जमा हो जाने पश्चात जप्तशुदा जेसीबी मशीन व 2 ट्रेक्टर ट्रॉली को मय खनिज यदि किसी अन्य प्रकरण में आवश्यकता न होने पर विधिवत मुक्त करने की विधि संगत कार्यवाही करें।

# पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह की तीसरी पीढ़ी की राजनीति में एंट्री

## 6 साल की उम्र में अकेले कार्यक्रम में पहुंचकर सहस्त्रजय का भाषण

गुना/ मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की तीसरी पीड़ी यानि राघौगढ विधायक जयवर्धन सिंह के पुत्र सहस्त्रजय सिंह जिनकी उम्र अभी महज 6 वर्ष है राजनीति का ककहरा सीखने उतरते दिख रहे हैं। छोटी सी उम्र में माईक पकड़ कर भाषण देना वहां मौजूद जनता को आश्चर्य में भर गया। राघौगढ में कायस्थ समाज द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में जब नन्हें बालक सहस्त्रजय ने भाषण दिया तो वहां मौजूद जनता आश्चर्यचकित रह गई। सहस्त्रजय ने संबोधन में कहा



कि मैं पहला केवट समाज के मंदिर में आया था जहां भाषण दिया था लेकिन यह मेरा पहला भाषण ही कहा जाएगा मेरे दाता के बिना। मैं आज दो कार्यक्रम में जाउंगा। एक तो यहां और दूसरे कार्यक्रम में शाम 5 बजे जाउंगा। चित्रगुप्त मंदिर में आया मुझे बहुत सारे लोग मिले सब ने मुझे मालाएं पहनाई थोड़े मेरे से बड़े मिले थोड़े मेरे से छोटे मिले बोलो राघौजी महाराज की जय बोलो सभी संतो की जय बोलो बाघेश्वर धाम की जय.... आपको बता दें कि जयवर्धन सिंह राघौगढ में नहीं हैं वे प्रियंका गांधी के जबलपुर कार्यक्रम में शरीक होने गए हैं। कहा जा सकता है कि सहस्त्रजय अभी से राजनीति की डगर पर चलना शुरू कर चुके हैं।

# आज गालो, मुस्कुरालो, महफिलें सजालो,न जाने कब कोई साथी छूट जाएः पंचायत मंत्री एमएस सिसोदिया

## गुना कॉलेज के पूर्व छात्रों के समागम एलुमिनी मीट कार्यक्रम का समापन में गीत भी गाये

**गुना/गालो।** मुस्कुरालो, महफिलें सजालों न जाने कब कोई साथी छूट जाए÷ ये बात रविवार को प्रदेश सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने गुना महाविद्यालय में आयोजित पूर्व छात्र छात्राओं के सम्मेलन एलुमीनी मीट संवाद 2023 में उपस्थित पूरे देश से आये यहाँ शिक्षा ग्रहण कर चुके पूर्व छात्र, जनप्रतिनिधि एवं अतिथियों को संबोधित करते हुए कही।उन्होंने अपने पुराने कॉलेज के दिन याद करते हुए कई खट्टी मीठी बातें भी साझा कीं।उन्होंने कहा कि ज़िंदगी की आपाधापी और व्यस्तता में भी जो ख़ाली पन महसूस होताथा वो आज अपने पुराने साथियों से मिल कर भर गया है और मन प्रफुल्लित हो गया है। आर्मी में जाना था,आ




गया राजनीति में पंचायत मंत्री ने कहा कि वह तो फौज में जाना चाहते यह, लेकिन राजनीति में आ गए। राजनीति का ककहरा इसी कॉलेज में ही सीखा। पहले तो चुनाव भी बहुत जोर-शोर से होते थे। छात्रों के कई गुट चलते थे। यहीं से राजनीति सीखी और आगे बड़े। आज इस कॉलेज से पड़े लोग देश में कई उच्च पदों पर हैं। सबके बच्चे आगे बड़ रहे हैं। अगली बार एलुमिनी मीट ऐसे एकतरफा नहीं होगी। इसे संवाद के रूप में किया जाएगा। जहां सभी अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं को साझा करेंगे। कार्यक्रम में पंचायत मंत्री ने कई गाने गाये। उन्होंने जीना यहां, मरना यहां सहित अन्य गाने गाए। कई पूर्व छात्रों का भी कार्यक्रम में सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विधायक गोपीलाल जाटव, नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, जनभागीदारी अध्यक्ष आशीष मंगल,सुनील अग्रवाल, गजेंद्र सिकरवार, अरुण चतुर्वेदी, प्राचार्य बीपी तिवारी आदि उपस्थित थे।

# कलेक्टर द्वारा मतदान केंद्र आवन एवं रिछेरा व चकचुरेला का किया निरीक्षण

## मतदान दलों से चर्चा कर मतदान की तैयारियों के संबंध में लिया जायजा, 13 जून को होगा सरपंच पद के निर्वाचन के लिए मतदान

**गुना/** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री फ्रेंक नोबल ए. द्वारा पंचायत उप निर्वाचन (पूर्वार्द्ध) 2023 में राघौगढ़ विकास खण्ड़ड के ग्राम पंचायत आवन एवं गुना विकास खण्ड़ड के रिछेरा एवं चकचुरेला में सरपंच पद के मतदान हेतु स्थापित केंद्रों का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्ड़होंने मतदान केन्ड़द्रों पर उपस्थित मतदान दल के सदस्ड़यों से चर्चा की एवं बूथ का निरीक्षण किया और दिशा-निर्देश दिये गये। उल्ड़लेखनीय है कि पंचायत उप निर्वाचन पूर्वार्द्ध 2023 के तहत रिक्ड़त सरपंच पद हेतु मतदान 13 जून को प्रातः 7 बजे से किया जाना है। इसके



संबंध में आज 13 सरपंचों के निर्वाचन हेतु मतदान दल रवाना हो गये हैं। इस दौरान विकास खण्ड़ड राघौगढ़ के मतदान केंद्र आवन के निरीक्षण के समय श्री राकेश सगर पुलिस अधीक्षक गुना, श्री कमल सिंह मंडेलिया तहसीलदार एवं रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत राघौगढ़, श्री संतोष धाकड़ नायब तहसीलदार राघौगढ़ उपस्थित रहे। विकास खण्ड़ड गुना के मतदान केंद्र के निरीक्षण के दौरान श्री राकेश सगर पुलिस अधीक्षक गुना, अनुविभागीय अधिकारी श्री वीरेन्ड़द्र सिंह बघेल, श्रीमति कल्ड़पना कुशवाह तहसीलदार एवं सेक्ड़टर अधिकारी श्री आरके जैन उपस्थित रहे।

# अंडर 19 प्रतियोगिता एवं चयन शिविर का आयोजन किया



अलीगढ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव प्रदीप सिंह ने बताया कि अभी हाल ही में हुई अंडर 19 प्रतियोगिता एवं चयन शिविर का आयोजन किया गया था ।उसके उपरांत चयन शिविर से खिलाड़ियों का चयन किया गया है । जिसमे डिस्ट्रिक्ट की टीम का चयन किया गया जो कि आगरा में होने जा रहे 16 जून से क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रतिभाग करेगी इस प्रतियोगिता के उपरांत होने बाली अन्य प्रतियोगिता का आयोजन पर विचार किया जा रहा है ।जिसमे अंडर 14 और अंडर 19 के साथ अन्य प्रतियोगिता सामिल है। चयन समिति गठित की गई है उसकी जल्द ही घोषणा की जाएगी। **चयनित खिलाड़ी**-तरुण उपाध्याय(कप्तान), निखिल चौधरी (उपकप्तान),शिवा सैनी, जितेंद्र कुमार, जयवीर तोमर, मनीष ठाकुर, प्रतीक सारस्वत, कौशल, सचिन, गोपाल मल्होत्रा, सचिन कुमार, ललित, मयूर ,निशांत शर्मा, तुषार, प्रियांशु, अतिरिक्त के रूप में आयुष विक्रम सिंह ,कार्तिक, अमित कुमार, रिंकू लोधी ,सागर भारद्वाज का चयन हुआ है साथ ही में रिंकू दीक्षित टीम मैनेजर, मेघराज सिंह टीम कोच के रूप में आगरा के लिए टीम के साथ जाएंगे ।

## जिला खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में शिकारीपाड़ा वन क्षेत्र में कोयला के अवैध उत्खनन व परिवहन पर बड़ी व सख्त कारवाई



**दुमका/झारखण्ड।** जिला खनन पदाधिकारी सह जिला टास्क फोर्स के पदेन सचिव कृष्ण कुमार किस्कू के नेतृत्व में आज सोमवार को बादल पाड़ा एवं लुटिया पहाड़ वन क्षेत्र में तीन जेसीबी मशीन द्वारा 12 अवैध कोयला खदानों में मिट्टी भरने का कार्य किया गया7बताते चलें कि उक्त स्थान पर जाने के क्रम में तीन मोटरसाइकिलों पर लदा लगभग 10 से 15 क्विंटल कोयला जब्त किया गया है। ज्ञात हो कि जिला प्रशासन के सहयोग से वन विभाग द्वारा वन क्षेत्र में चल रही कोयला की अवैध खदानों पर लगातार कार्रवाई जारी है।

## लबाबुलाल मरांडी ने दिया आश्वासनः आपकी मांगों को अगामी विधानसभा सत्र में सदन में उठाने की कोशिश करेंगे ताकि आपको न्याय मिल सके



**दुमका/ झारखण्ड।** मंगलवार को बिरसा दिव्यांग समिति एवं विकलांग विधवा एवं वृद्धा जन कल्याण मोर्चा की ओर से संयुक्त रूप से प्रियतम सिंह की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय शिष्टमंडल ने स्थानीय परिसदन में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह विपक्ष के नेता बाबुलाल मराण्डी से मुलाकात कर 9 सूत्री मांग पत्र सौंपा। मामले में प्रियतम सिंह ने बताया कि मांग पत्र के माध्यम से बाबुलाल मरांडी से मांग की गयी है कि विगत कई महीनों से खाली पड़े राज्य निःशक्तता आयुक्त (दिव्यांगजन) के पद पर पूर्व में प्रकाशित विज्ञप्ति के अनुसार निर्धारित योग्यता का अनुभव रखने वाले व्यक्ति को अति शीघ्र पूर्णकाल।

## भारत के सबसे बड़े लोकतंत्र सेनानी सम्मान, सत्संग, और नामदान के साथ बाबा उमाकान्त जी के दो दिवसीय आध्यात्मिक कुंभ का समापन



**लखनऊ (उ.प्र.)** झुलसा देने वाली गर्मी और धूल भरी आंधी, इसके बाद भी लाखों भक्त बाबा उमाकान्त जी महाराज के दर्शन के अभिलाषी। ये दृश्य था शहीदपथ के अवध शिल्प ग्राम के विशाल मैदान का, जहाँ जयगुरुदेव नाम से लोगों के कष्टों को दूर करने वाले बाबा उमाकान्त जी के सानिध्य में दो दिवसीय सतसंग व नामदान कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें न केवल भारत के कोने-कोने से लाखों भक्त पधारे बल्कि दुबई समेत कई देशों से भी श्रद्धालूओं का आगमन हुआ। दो दिनों तक अवध शिल्प ग्राम का नजारा किसी कुम्भ से कम नहीं था, जहाँ हर एक आने वाला बस केवल बाबा उमाकान्त जी के दर्शन करना।

## पीएम किसान सम्मान निधि योजना से सम्बंधित समस्याओं का किया जा रहा निस्तारण



ब्लॉक भीतरगांव के विभिन्न क्षेत्रों मे शिविर लगाकर तेजी के साथ पीएम किसान सम्मान निधि योजना से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। ब्लॉक के विभिन्न गांवो मे पंचायत स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमे लगभग सैकड़ो किसानों ने प्रतिभाग किया और किसानों को मौके पर ही संबंधित समस्याओं का निराकरण किया गया। इस मौके पर कृषि विभाग के सहायक तकनीकी प्रबंधक महेंद्र प्रताप राजपूत, राजस्व विभाग से लेखपाल विनय द्विवेदी व पंचायती राज विभाग से ग्राम विकास अधिकारी सिद्धांत कुमार उपस्थित रहे। महेंद्र प्रताप राजपूत ने बताया कि किसानों की प्रमुख समस्याओं में ईकेवाईसी व बैंक खातों का एनपीसीआई से लिंक ना होना पाया गया जिसमें ईकेवाईसी के लिए मौके पर ही जन सेवा केंद्र के माध्यम से किसानों।

## स्पोर्ट्स ब्रीफ

### तमिलनाडु टेनिस संघ ने टाटा ओपन टेनिस की मेजबानी छोड़ी

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु टेनिस संघ ने 13 साल के बाद जब टाटा ओपन की मेजबानी छोड़ने का फेसला किया है। यह भारतीय टेनिस के लिए एक बड़ा झटका है क्योंकि उसके हाथ से अब एकमात्र एटीपी 250 टूर्नामेंट की मेजबानी भी निकल गयी है। एटीपी टूर पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के मामले में यह बड़ा झटका है। यह टूर्नामेंट साल 1996 से ही भारत में हो रहा था और पिछले कुछ साल में टाटा ओपन महाराष्ट्र के नाम से भी खेला गया। महाराष्ट्र प्रदेश लॉन टेनिस संघ ने 2018 में इसे देश से बाहर जाने से बचाया था। यह टूर्नामेंट एमएसएलटीए, महाराष्ट्र सरकार, आईएमजी और राइज वर्ल्डवाइड (रिलायंस समूह की पहल) के बीच एक समझौता था। एमएसएलटीए के सचिव सुंदर अय्यर और टूर्नामेंट निदेशक प्रशांत सुतार ने एक बयान में कहा, 'आईएमजी और राइज के साथ अब करार समाप्त हो गया है।

### रहाणे ने टेस्ट क्रिकेट में 5000 रन पूरे किये

**लंदन।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के तीसरे दिन टेस्ट क्रिकेट में अपने 5000 रन पूरे करने के साथ ही एक अहम उपलब्धि हासिल की। रहाणे ने कैमरन ग्रीन की गेंद पर दो रन लेने के साथ ही अपने पांच हजार रन पूरे किये। अब उनके टेस्ट करियर में 39.22 की औसत से 5020 रन हो गये हैं, जिसमें 12 शतक और 26 अर्द्धशतक शामिल हैं।
वह टेस्ट क्रिकेट में पांच हजार रन बनाने वाले 13वें भारतीय खिलाड़ी हैं। रहाणे ने डेढ़ साल बाद टीम में वापसी करते हुए ये रन बनाये हैं। उन्हें जनवरी 2022 में भारत की टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया था। रहाणे जब बल्लेबाजी करने उतरे तब भारत ने अपनी पहली पारी में 50 रन पर तीन विकेट खो दिये थे। उन्होंने विराट कोहली और रवींद्र जडेजा के आउट होने के बाद भी बल्लेबाजी जारी रखते हुए शार्दुल ठाकुर के साथ शतकीय साझेदारी करके भारत को संभाला।

### पाकिस्तानी बच्चे को हरभजन ने दिया आटोग्राफ

**लंदन।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां ओवल मैदान में जारी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 फाइनल को देखने पाकिस्तानी क्रिकेट प्रशंसक भी पहुंचे हैं। उन्हीं में से एक छोटे से पाक प्रशंसक ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह से ऑटोग्राफ मांगा, जिसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। वैसे तो भारत-पाक के बीच जबरदस्त तनाव है पर क्रिकेट प्रशंसक दोनो ही टीमों के खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हैं। वही बात एक बार फिर साबित हुई है। यह छोटा सा बच्च व्हीलचेयर पर बैठा था और हरभजन उसे अपना ऑटोग्राफ दे रहे हैं। इस पूरी घटना का एक भावुक वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विशाल स्कोर बनाया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्टीव स्पिथ और ट्रेविस हेड शतकीय पारियां खेलीं। हेड ने 163 बनाए, जबकि स्मिथ ने 121 रनों की पारी खेली। वहीं डेविड वॉर्नर और एलेक्स कैरी अर्धशतक पूरे नहीं कर पाये।

# कंगारुओं ने टीम इंडिया को दिया 444 रनों का लक्ष्य

## ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी 270 रनों पर घोषित की

लंदन, एजेंसी।

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में भारत को जीत के लिए 444 रन का टारगेट मिला है। आखिरी सेशन में भारत ने अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 95 रन बना लिए हैं। विराट कोहली 2 और रहाणे बगैर खाता खोले क्रीज पर थे। कप्तान रोहित शर्मा 43 और चेतेश्वर पुजारा 27 शुभमन गिल 18 रन बनाकर आउट हुए। अभी भी टीम इंडिया को जीत के लिए 348 रन चाहिए।

लंदन के द ओवल मैदान पर चल रहे मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दूसरी पारी 270/8 के स्कोर पर घोषित की। भारत पहली पारी में 296 रन पर ऑलआउट हो गई, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 469 रन ऑलआउट हुई थी। बोलैंड की बाहर जाती गुड लेंथ बॉल बल्ले का बाहरी किनारा लेकर थर्ड स्लिप पर गई, जिसे ग्रीन ने एक हाथ से कैच किया। ऐसा लगा कि बॉल घास को छू गई है, ऐसे में फील्ड अंपायर ने अपील थर्ड अंपायर के पास भेजी और परामर्श मांगा। यहां थर्ड अंपायर ने गिल को आउट करार दिया। बाद में इस कैच पर कंट्रोवर्सी हुई। बोलैंड की बाहर जाती गुड



मिचेल स्टार्क
41 (57)

लेंथ बॉल बल्ले का बाहरी किनारा लेकर थर्ड स्लिप पर गई, जिसे ग्रीन ने एक हाथ से कैच किया। ऐसा लगा कि बॉल घास को छू गई है, ऐसे में फील्ड अंपायर ने अपील थर्ड अंपायर के पास भेजी और परामर्श मांगा। यहां थर्ड अंपायर ने गिल को आउट करार दिया। बाद में इस कैच

पर कंट्रोवर्सी हुई। दूसरे सेशन में दोनों टीमों ने मिलाजुला प्रदर्शन किया। इस सेशन में 110 रन बने और तीन विकेट गिरे। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इस सेशन में 69 रन बनाने में दो विकेट गंवाए और पारी घोषित कर दी। उसके बाद भारतीय टीम ने शुभमन गिल का विकेट खोकर 41 रन बना लिए। शनिवार को कंगारुओं ने 123/4 के स्कोर से चौथे दिन की शुरुआत की। विकेटकीपर एलेक्स कैरी 66 रन बनाकर नाबाद लौटे, जबकि मार्नस लाबुशेन और मिचेल स्टार्क ने एक समान 41-41 रन बनाए।

भारत की ओर से रवींद्र जडेजा ने तीन, मोहम्मद शमी और उमेश यादव को दो-दो विकेट मिले। पार्टनरशिप सातवें विकेट के लिए मिचेल स्टार्क और एलेक्स कैरी के बीच अर्धशातकीय साझेदारी हुई। दोनों के बीच 120 गेंदो में 93 रन की साझेदारी हुई। स्टार्क 41 रन बनाकर शमी का शिकार हुए और ये पार्टनरशिप टूटी। सिराज ने वॉबल सीम बॉल डाली, वार्नर चौथे ओवर की तीसरी बॉल को बैक फुट पर खेलना चाहते थे, लेकिन बॉल हल्का एज लेकर विकेटकीपर के पास चली गई, जिसे पकड़ने में भरत ने गलती नहीं की। उमेश यादव की वाइड लेंथ बॉल पर ड्राइव करना चाहते थे, लेकिन बॉल एज लेकर विकेटकीपर भरत के पास चली गई। भरत ने आसान कैच पकड़ा। जडेजा ने ऑफ स्टंप पर गुड लेंथ बॉल फेंकी। स्टीव स्मिथ आगे निकलकर लेग की दिशा में शॉर्ट खेलना चाहते थे, लेकिन बॉल टर्न होकर बल्ले के बाहरी किनारे लगकर कवर के ऊपर हवा में खड़ी हो गई, जिसे शार्दूल ठाकुर ने कुछ कदम दौड़ लगाकर आसानी से कैच किया।

भारत की पहली पारी में अजिंक्य रहाणे (89 रन) और शार्दूल ठाकुर (51) ने अर्धशतकीय पारियां खेलकर भारत को फॉलो-ऑन खेलने से बचाया। दोनों के बीच 7वें विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी हुई। पहले सेशन में किस्मत ने भी भारत का साथ दिया और बल्लेबाजों को 4 जीवनदान मिले। 24 रन पर ओपनर्स के विकेट गंवाने के बाद मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ ने तीसरे विकेट के लिए 96 बॉल पर 62 रन की साझेदारी कर पारी आगे बढ़ाई। इस साझेदारी को रवींद्र जडेजा ने स्मिथ को आउट करके तोड़ा। दूसरी पारी खेल रही ऑस्ट्रेलिया को शुरुआती झटके लगे। टीम ने 24 रन पर ओपनर्स (ख्वाजा 13 रन और वार्नर 1 रन) के विकेट गंवा दिए, लेकिन यहां स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन ने टीम का स्कोर 100 के करीब पहुंचाया। फिर बॉलिंग करने आए जडेजा ने स्मिथ को 34 रन के स्कोर पर चलता कर दिया। ट्रेविस हेड (18 रन) भी जड्डू का शिकार बने। इन दोनों ने पिछली पारी में शतक लगाए थे।

## डिजनी हॉटस्टार फ्री में दिखाएगा आईसीसी वर्ल्ड कप और एशिया कप

नई दिल्ली, एजेंसी।

डिजनी हॉटस्टार भी अब मुफ्त में आईसीसी वर्ल्ड कप और एशिया कप दिखाने जा रहा है। किक्रेट का रोमांच और इससे होने वाली मोटी कमाई का जादू स्टेडिम से टीवी और अब टीवी से निकलकर ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म के सिर चढ़कर बोल रहा है। आईपीएल 2023 के दौरान जियो सिनेमा को मिले दर्शकों की संख्या इसी की एक बानगी थी।

बुलेट ट्रेन की रफ्तार से लोकप्रिय हुए मुकेश अंबानी के ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म को चुनौती देने के प्रयास में, ने शुक्रवार को घोषणा की कि एशिया कप और आईसीसी पुरुष क्रिकेट वर्ल्ड कप टूर्नामेंट सभी मोबाइल फोन यूजर्स के लिए फ्री-टू-व्यू के रूप में उपलब्ध कराए जाएंगे। यह कदम ऐसे समय में आया है, जब हाल के महीनों में एशिया के सबसे अमीर शख्स अंबानी स्पोर्ट्स मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग पर जमकर दांव लगा रहे हैं। डिज्नी+ हॉटस्टार के प्रमुख साजिथ शिवनंदन ने मीडिया को बताया, 'डिज्नी+ हॉटस्टार भारत में तेजी से विकसित हो रहे ओटीटी उद्योग में सबसे आगे रहा है और दर्शकों के अनुभव को बढ़ाने के लिए हमने जो विभिन्न इनोवेशन पेश किए हैं, उससे हमें अपने दर्शकों को खुश करने में मदद मिली है। एशिया कप और आईसीसी पुरुष वर्ल्ड कप को व्यापक दर्शकों के लिए उपलब्ध कराने से, हमें विश्वास है कि हमें एक ओवरऑल इको-सिस्टम को विकसित करने में मदद मिलेगी। मुकेश अंबानी की अगुवाई वाला ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा आईपीएल 2023 का ऑफिशियल स्ट्रीमिंग पार्टनर था। जियो सिनेमा ने आईपीएल 2023 क्रिकेट टूर्नामेंट की मुफ्त स्ट्रीमिंग की पेशकश की।

## ऊंची छलांग




पेरिस में मीटिंग डे पेरिस डायमंड लीग एथलेटिक्स मीट के दौरान महिलाओं की ऊंची छलांग लगाने का प्रयास करती फ्रांस की नवल मेनिकर।

## भारत के खिलाड़ी टेस्ट मैच के लिए तैयार नहीं थे:रिकी पोंटिंग

सिडनी, एजेंसी।

भारतीय गेंदबाजों पर सवाल उठाते हुए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में उनका कमजोर प्रदर्शन यह दिखाता है कि उन्होंने पूरी तरह से तैयारी नहीं थी। तेज गेंदबाजों की मददगार पिच पर ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 173 रन की बड़ी बढ़त हासिल की जिससे भारत पर आईसीसी के एक और फाइनल में हार का खतरा मंडराने लगा है। मोहम्मद सिराज और मोहम्मद शमी ने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में शानदार गेंदबाजी की लेकिन उमेश यादव और शार्दुल ठाकुर ज्यादा प्रभावित नहीं कर सके। इन दोनों गेंदबाजों ने आईपीएल में ज्यादा गेंदबाजी नहीं की थी। पोंटिंग ने मीडिया से बातचीत में कि मुझे लगता है कि उन्हें ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ा। उनकी तैयारी शायद इस एक टेस्ट मैच के लिए आदर्श नहीं थी। उनके सभी खिलाड़ी आईपीएल में थे। ऑस्ट्रेलिया के कुछ खिलाड़ी भी वहां थे लेकिन कुछ खिलाड़ियों ने तीन महीने तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला। पोंटिंग ने कहा कि काफी कुछ व्यक्तिगत तैयारियों पर भी निर्भर करता है।

उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता (भारतीयों पर आईपीएल का कितना प्रभाव रहा। अगर आप विराट से पूछेंगे तो वह कहेंगे कि यह उनके



### पोटिंग ने सिराज की जमकर प्रशंसा की

**लंदन।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोटिंग ने भारतीय टीम के युवा तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की जमकर प्रशंसा की है। सिराज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की पहली पारी में चार विकेट लिए थे। पहली पारी में जब अन्य गेंदबाज विकेट के लिए संघर्ष कर रहे थे तब सिरीज ने अपना प्रभाव बनाये रखा। सिराज ने 28.3 ओवर में 108 रन देकर 4 विकेट लिए और ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी को 469 रनों पर रोकने में उनकी अहम भूमिका रही। पोटिंग ने उन्हें भारतीय टीम का एक बेहतरीन खिलाड़ी बताया है। पोटिंग ने कहा कि सिराज पूरे दिन दौड़ते रहे और ऑस्ट्रेलिया की आक्रामक बल्लेबाजी के बाद भी वह हताश नहीं हुए। उन्होंने कहा, मुझे यह देखकर अच्छा लगा और वह भारतीय टीम में सर्वश्रेष्ठ प्रतिद्वंद्वी की तरह दिखता है। हो सकता है कि कभी-कभी वह बहक जाता है और थोड़ा ऊपर चला जाता है, पर जब चीजें ठीक नहीं चल रही होती है तो आपको अपनी टीम में उन लोगों की जरूरत होती है।उन्होंने कहा, वह ही थे जिन्होंने कहा कि मैं वह व्यक्ति बनने जा रहा हूं जो चीजों को बदलने जा रहा है और मुझे जो अच्छा लगा वह यह था कि पूरी पारी के दौरान उनकी गति बिल्कुल भी नहीं कम हुई।

हर तरह के रन बनाए हैं। अगर आप रहाणे से पूछते तो उन्हें आईपीएल के बिना इस मैच के लिए नहीं चुना जाता। तो यह दोनों तरह से काम करने वाला है। पोंटिंग ने कहा, 'मैंने आज सुबह शारदुल के साथ बातचीत

महसूस हो रही थी। उन्होंने डेढ़ दिन में जितनी गेंदबाजी की पूरे आईपीएल में उन्हें उससे कम गेंदबाजी का मौका मिला था। पोंटिंग ने इस मौके पर अजिंक्य रहाणे की बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए उन्हें टीम से बाहर

## धवन का ये रिकार्ड आज तक नहीं तोड़ पाया है कोई बल्लेबाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने हाल में हुए आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन किया था। उसके बाद भी वह टीम से बाहर हैं। धवन के नाम पहले ही टेस्ट में पांच देशों में शतक लगाने का रिकार्ड है। इसके बाद भी वह उपेक्षा के शिकार हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज धवन ने ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के खिलाफ अपने पहले ही टेस्ट में शतक लगाकर एक रिकार्ड बनाया था। विश्व का कोई भी बल्लेबाजी उनके इस रिकार्ड को तोड़ नहीं पाया है। एलेस्टेयर कुक, मैथ्यू हेडन, कुमार संगकारा, ग्रीम स्मिथ और मार्क टेलर के नाम 4 टीमों के खिलाफ अपने पहले टेस्ट में शतक का रिकार्ड है। धवन ने वर्ष 2013 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मोहाली में डेब्यू करते हुए अपने पहले ही टेस्ट में शतक लगाया था। फरवरी 2014 में न्यूजीलैंड, जून 2015 में बांग्लादेश,अगस्त 2015 में श्रीलंका और जून 2018 में अफगानिस्तान के खिलाफ भी वे अपने पहले ही टेस्ट में शतक लगा चुके हैं।

## अजिंक्य रहाणे की दादा गागुंली ने की दिल खोलकर तारीफ

लंदन, एजेंसी।

भारत के पूर्व क्रिकेटर और पूर्व बीसीसीआई चीफ सौरव गांगुली ने कहा कि अजिंक्य रहाणे को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे दिन अपनी वापसी पर बहुत गर्व होगा। 18 महीने के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे रहाणे ने टीम की खराब स्थिति में शानदार बल्लेबाजी कर 89 रन की पारी खेली जो टीम का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी था।



गांगुली ने कहा 18 महीने के बाद रहाणे के लिए यह कितना अच्छा है। रहाणे टेस्ट क्रिकेट से 18 महीने से दूर थे। भारतीय टीम में एक बल्लेबाज के रूप में वापसी करना और शानदार प्रदर्शन करना आसान नहीं है। मुझे लगता है कि यह जबरदस्त है। अतीत में कई खिलाड़ियों ने वापसी की है लेकिन इतनी लंबी अवधि के बाद नहीं। रहाणे मैच में शानदार थे। दूसरे एंड पर विकेट गिरने के बावजूद रहाणे ने कड़ा संघर्ष किया। उन्होंने अब तक जो किया है उस पर उन्हें बहुत गर्व होगा। उन्होंने कहा रहाणे ड्रेसिंग रूम को बहुत कुछ दिखाया कि यदि आपके पास थोड़ा सा भाग्य है जो भारत के पास है तब आप इस पिच पर अच्छी बल्लेबाजी कर सकते हैं। और शार्दुल ने भी अच्छी भूमिका निभाई। शार्दुल ने भारत के लिए अच्छी बल्लेबाजी की। रहाणे ने इस मैच में अपन टेस्ट करियर में 5000 रन के आंकड़े को पार किया।

## शार्दुल ठाकुर का चौंकाने वाला दावा डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं ओवल की पिच

नई दिल्ली, एजेंसी।

भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ओवल में खेले जा रही वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की पिच पर सवाल खड़े किए हैं। शार्दुल के मुताबिक ओवल की पिच डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं। ये पिच 2021 में हुए मैच से बिल्कुल अलग है। बता दें कि भारत ने 2021 में इंग्लैंड का दौरा किया था। तब ओवल में मेजबान देश को 157 रन से हराया था और ओवल ने दोनों पारियों में अर्धशतक जमाया था।

अब सवाल खड़ा होता है कि जिस विकेट पर शार्दुल ने करीब 3 घंटे बैटिंग कर अर्धशतक जमाया। इस विकेट पर ऑस्ट्रेलिया को दो बैटर्स ने शतक ठोके तब फिर क्यों उन्होंने कहा कि ये विकेट डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए तैयार नहीं था

दरअसल शार्दुल ने भले ही ओवल टेस्ट के तीसरे दिन अर्धशतक जमाया। पर आसमान उछाल होने के कारण उन्हें दो बार हाथ में गेंद लगी थी। उन्होंने अजिंक्य रहाणे के साथ 109 रन की अहम साझेदारी कर भारत को 296 रन के स्कोर तक पहुंचाने का काम किया।



शार्दुल ने कहा पिच काफी अलग नजर आ रही। पिछली बार जब हमने ओवल में टेस्ट खेला था तब पिच से मदद मिल रही थी। सभी को पता था कि अगर इंग्लैंड में ओवरकास्ट कंडीशन रहेगी तब फिर गेंद जरूर स्विंग होगी। पिछली बार जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ रहा था टीमें पिच को फ्लैट रखने के लिए रॉलर का इस्तेमाल कर रही थीं। लेकिन इस बार ऐसा वैसा कुछ नहीं दिख रहा। मुझे ऐसा लग रहा है कि जैसे पिच मैच के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं है। जैसा हमने दूसरे दिन भी देखा था। तीसरे दिन भी कुछ गेंद ऊपर जा रही थी और कुछ नीचे रह रही थी।

शार्दुल ने कहा एक छोर से गेंद गुड लेंथ पर पड़ने के बाद तेजी से उठ रही थी और ऑस्ट्रेलियाई पेसर्स ने इसका बखूबी इस्तेमाल किया। अगर हम एक दिन पहले का खेल भी देखें तब पिच का मिजाज बदला दिखा। बल्लेबाजों को ये फैसला करने में परेशानी हो रही थी कि गेंद को छोड़ें या खेले। लेकिन ज्यादातर मौकों पर उन्हें शॉट के लिए जाना पड़ा। शार्दुल ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया से 296 रन से पिछड़ने के बावजूद भारत मैच में बना हुआ है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट एक अजीब खेल है। आप कभी नहीं कह सकते कि सही स्कोर क्या है?



## रोहित शेट्टी के शो पर अब अंजुम फकीह हुईं घायल

रोहित शेट्टी का स्टंट बेस्ड रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 13' टीवी के मोस्ट पॉपुलर शो में से एक है. फिलहाल इस शो की शूटिंग अफ्रिका के केपटाउन में चल रही है जहां 14 कंटेस्टेंट 'खतरों के खिलाड़ी 13' की ट्रॉफी अपने नाम करने के लिए तमाम खतरों का सामना कर रहे है. वहीं शूटिंग के कुछ ही हफ्तों के भीतर स्टंट के दौरान कंटेस्टेंट्स के घायल होने की खबरें भी लगाताक आ रही हैं. रोहित रॉय, अरिजीत तनेजा, ऐश्वर्या शर्मा और नायरा बनर्जी के अलग-अलग स्टंट करने के दौरान घायल होने की खबरें आईं थी और अब एक्ट्रेस अंजुम फकीह भी इस लिस्ट में शामिल हो गई हैं. श्रद्धा आर्या ने अंजुम फकीह को लगी चोटों की तस्वीर की शेयर अंजुम फकीह की सबसे अच्छी दोस्त और कुंडली भाग्य की को एक्ट्रेस श्रद्धा आर्या ने उनकी घुटने में लगी चोट की तस्वीर अपने इंस्टा स्टोरी पर अपलोड की थी. फोटो में अंजुम का बायां घुटने में काफी चोटें लगी हुई नजर आ रही हैं और सूजा हुआ भी लग रहा है, जबकि दाहिने घुटने में भी कुछ खरोंचें आई हैं. यह पता नहीं चल पाया है कि उन्हें चोट कैसे लगी, लेकिन श्रद्धा के कैप्शन से ऐसा लगता है कि वह कोई स्टंट कर रही थीं उसी दौरान वे घायल हो गई. दरअसल कैप्शन में श्रद्धा ने लिखा, ÷घर वापस आ जाओ, तुम पहले ही हम सभी के लिए जीत चुकी हो. खतरों के खिलाड़ी. बता दें कि अंजुम के रियलिटी शो के लिए साउथ अफ्रीका जाने के बाद से श्रद्धा आर्या अपनी सबसे अच्छे दोस्त के लिए चीयरलीडर बन गई हैं. कुछ हफ़्ते पहले, श्रद्धा ने अंजुम को एक योद्धा कहा था. खतरों के खिलाड़ी के सीज़न 13 को देखने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड हैं और इसके ऑनएयर होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. वहीं शो के 14 कंटेस्टेंट में डेज़ी शाह, अर्जित तनेजा, शीज़ान खान, रूही चतुर्वेदी, रोहित बोस रॉय, रश्मीत कौर, अंजुम फकीह, अंजलि आनंद, शिव ठाकरे, साउंडस मुफकीर, न्यारा एम बनर्जी, अर्चना गौतम, ऐश्वर्या शर्मा और डिनो जेम्स शामिल हैं.



## आलिया भट्ट के जल्दी मां बनने पर शाहिद कपूर ने दिया रिएक्शन भड़क गए फैंस

शाहिद कपूर इन दिनों ब्लडी डैडी को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं. इसी बीच अब उन्हें ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ रहा है. हाल ही में शाहिद कपूर ने आलिया भट्ट के मां बनने को लेकर ये बयान दिया था कि उन्हें विश्वास नहीं हो रहा है कि आलिया भट्ट एक मां हैं. जिसके बाद से ही शाहिद ट्रोलर्स के निशाने पर हैं. शाहिद को रेडिट यूजर्स न सिर्फ आलिया के लिए ऐसा बोलने पर फटकार लगा रहे हैं बल्कि मीरा राजपूत के मां बनने के दौरान की उम्र भी याद दिला रहे हैं. हाल ही में एक इंटरव्यू में शाहिद से जब पूछा गया कि जब वो आलिया से मिलेंगे तो क्या करेंगे. जिसपर एक्टर ने कहा, वो हाल ही में आलिया से मिले थे और उन्हें विश्वास नहीं हो रहा था कि वो एक मां हैं. उन्होंने आलिया के साथ काम करने के समय को याद करते हुए कहा कि जब उन्होंने आलिया के साथ काम किया, तब वो 21 साल की थीं. शाहिद ने कहा, जब आप किसी के साथ बहुत समय बिताते हैं और फिर आप बहुत समय तक आप उनसे नहीं मिलते, तब आपको लगता है कि वो वही हैं, आपको नहीं लगता कि उनके साथ इतना कुछ हुआ है. आलिया भट्ट के लिए ऐसा कहने पर शाहिद कपूर ट्रोलिंग का शिकार हो गए. हालांकि कुछ फैंस उनके बचाव में भी उतरे. कुछ फैंस ने उन्हें ये कहते हुए ट्रोल किया कि उनकी पत्नी मीरा राजपूत 21 साल की उम्र में मां बन गई थीं. एक यूजर ने कमेंट किया, जब दोनों ने शादी की, तब मीरा 20 साल की थीं और शाहिद 34 साल के. आलिया मीरा से केवल एक साल बड़ी हैं. वहीं दूसरे यूजर ने कमेंट किया, क्या उनकी पत्नी वास्तव में 21 साल की नहीं थीं, जब उनका बच्चा हुआ था।

## अंकिता लोखंडे ने पति विक्की संग अपने ड्रीम होम की पहली एनिवर्सरी की सेलिब्रेट



अंकिता लोखंडे और विक्की जैन एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के सबसे पॉपुलर कपल्स में से एक हैं. कई साल एक दूसरे को डेट करने के बाद अंकिता और विक्की ने 24 दिसंबर 2021 को ग्रैंड वेडिंग की थी. कपल की शादी में इंडस्ट्री के कई सेलेब्स और फ्रेंड्स ने शिरकत की थी. वहीं सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने वाली अंकिता अक्सर अपने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं और फैंस से अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी हर अपडेट भी शेयर करती हैं. इन सबके बीच अंकिता और उनके पति विक्की ने अपने ड्रीम होम में शिफ्ट होने के एक साल पूरा होने का जश्न मनाया. इस दौरान कपल ने घर पर पूजा रखी थी जिसकी तस्वीरें अंकिता ने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं. अंकिता और विक्की ने बीते दिन अपने ड्रीम हाउस में शिफ्ट होने का एक साल पूरा होने पर जश्न मनाया. लवी-डोवी कपल पिछले साल 10 जून को अपने नए घर में शिफ्ट हुआ था. अपने नए घर में एक साल पूरा होने की खुशी में अंकिता और विक्की ने एक छोटी सी पूजा भी रखी थी. इसकी तस्वीरें एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं. पूजा के लिए अंकिता ने कॉन्ट्रास्टिंग ब्लाउज के साथ खूबसूरत बनारसी साड़ी पहनी थी. उन्होंने स्टेटमेंट ज्वेलरी के साथ अपने आउटफिट को एक्सेसराइज़ किया. अंकिता ने अपे बाल जूड़े में बांधे हुए थे. वहीं विक्की ने ग्रीन कलर का कुर्ता सेट पहना था. पवित्र रिश्ता एक्ट्रेस ने अपने हैप्पी प्लेस पर एक साल पूरा होने पर ग्रेटिट्यूड और एक्साइटमेंट जाहिर करते हुए एक लंबा नोट शेयर किया. अंकिता ने लिखा, हमारे हैप्पी प्लेस का एक साल मुबारक हो टाइम रियली फ्लाइस राइट मुझे अभी भी याद है जब आपने हमारे लिए यह घर खरीदा था तो आप कितने एक्साइटेड और खुश थे क्योंकि यह मुंबई में आपका पहला घर था. अभिनेत्री ने आगे कहा, और आखिरकार जिस दिन हम शिफ्ट हुए, आह! कितना खूबसूरत और यादगार दिन था। अंकिता ने लिखा, 'वो 10-06-22 था और कल हमने अपने हैप्पी प्लेस का एक साल पूरा किया...एक पूरा साल! अंकिता ने इस एक साल को एक रोलरकोस्टर के रूप में डिस्क्राइब करते हुए कहा, यह बहुत सारी भावनात्मक और बहुत सारी खूबसूरत फीलिंग्स और ढेर सारे प्यार और यादों के साथ एक रोलर कोस्टर रहा है। जब मैं अपने घर को देखती हूं तो मैं केवल ब्लेस महसूस करती हूं और बहुत ग्रेटिट्यूड महसूस करती हूं..इसलिए थैंक्यू बेबी मुझे हमारा घर देने के लिए जिसे हम अपना हैप्पी प्लेस कहते हैं। हैप्पी फर्स्ट एनिवर्सरी डियर होम. इसी बीच अंकिता ने अपने गुरु नमोस्तु आचार्य श्री के साथ एक तस्वीर शेयर की. उन्होंने उनके प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कैप्शन में लिखा, ÷नमोस्तु आचार्य श्री ... हमारे घर आने के लिए धन्यवाद और इसे स्वर्ग में बदल दिया. हमारे घर पर एक रात बिताना एक सच्चा आशीर्वाद था.. सिर्फ सुनने से इतना कुछ सीखा.÷ हम वास्तव में हमारी लाइफ के स्पेशल डे पर इससे ज्यादा नहीं मांग सकते हैं. आपने हम सभी को जो आशीर्वाद दिया और हमारे स्थान को वास्तव में खुशहाल बनाया, उसके लिए धन्यवाद ... लास्ट बट नॉट द लीस्ट हमारे सभी के लिए नहीं परिवार के सदस्यों और हमारे दोस्तों को इतना प्यार और हमारी जिंदगी में ढेर सारी दुआएं देने के लिए.. ढेर सारा प्यार विक्की और अंकिता.

## हंसिका मोटवानी को डिजाइनर्स पहनने को नहीं देते थे अपने कपड़े

हंसिका मोटवानी साउथ की जानी मानी कलाकार हैं. उन्होंने कई साउथ इंडियन फिल्मों में काम कर फैंस का दिल जीता है. इतनी नामी स्टार होने के बाद भी कुछ डिजाइनर्स थे जो कि उनसे इंडस्ट्री के नाम पर भेदभाव करते थे. एक्ट्रेस हंसिका ने इस बारे में खुद बताया था. उन्होंने बताया कि डिजाइनर्स उन्हें कपड़े देने के लिए साफ इनकार कर दिया करते थे. वजह थी कि वे साउथ की फिल्में करती थीं. हंसिका का मानना है कि पिछले कई सालों में बड़े बदलाव आए हैं. जो डिजाइनर्स उन्हें इग्नोर करते थे आज वे ही उन्हें उनके कपड़े भेजते हैं ताकि वे फिल्म के ट्रेलर और बाकी इवेंट्स में पहनें. एक्ट्रेस ने हालांकि कहा कि उनके साथ ऐसा व्यवहार किया गया पर हंसिका के मन में इसको लेकर अब कोई ग्रजिस नहीं हैं. गुल्ट डॉट कॉम के मुताबिक, एक्ट्रेस ने बताया-बहुत सारे ऐसे डिजाइनर्स थे तो वो ऐसे रिएक्ट करते थे कि ओह साउथ इंडियन एक्टर नो नो. हम आपको अपने क्लोथ्स नहीं देना चाहते. लेकिन आज वे लोग खुद से आते हैं और कहते हैं कि आपका एक इवेंट है ना, आपकी फिल्म का ट्रेलर लॉन्च है ना आप इसे पहनना ट्राय क्यों नहीं करतीं। मैं भी प्यार से कह देती हूं जी ओके. मुझमें और उनमें फर्क होना चाहिए ना, है कि नहीं. हंसिका का कहना है कि अब उनके मन में ऐसा कुछ नहीं है. वे मन में कोई बात रखे हुए नहीं हैं. मैंने तब सोचा था कि ये लोग वापस मेरे पास आएंगे मैं इतनी मेहनत करूंगी. फिर जब वे लोग वापस मेरे पास आए तो मैं अब कहती हूं अब आप मुझे स्टाइल करना चाहते हैं ठीक है.



# आर्थिक समृद्धता से अधिक आवश्यक पर्यावरण की समृद्धता : राज्यपाल

## प्रदूषण की रोकथाम पर विशेष ध्यान देना जरूरी, राज्यपाल की अध्यक्षता में एप्को साधारण सभा की बैठक हुई

भोपाल। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि प्रदूषण के रोकथाम के प्रयासों पर विशेष ध्यान दिया जाए। आर्थिक हितों के लिए पर्यावरण की अनदेखी को बर्दाश्त नहीं किया जाए। प्रदूषण की संभावना के क्षेत्र और संस्थाओं की गहन निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि यह समझना आवश्यक है कि सुरक्षित भविष्य के लिए आर्थिक समृद्धता से अधिक आवश्यक सुरक्षित, समृद्ध पर्यावरण का होना है। इसी के दृष्टिगत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पर्यावरण की चुनौतियों के लिए सामूहिक सहभागिता के साथ वैश्विक अभियान मिशन लाइफ शुरू किया है। राज्यपाल श्री पटेल राजभवन के सांदीपनि सभागार में पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन एप्को की 12वीं साधारण सभा की अध्यक्षता कर रहे थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि समाज में पर्यावरण चेतना के लिए ऊर्जा, जल की बचत, कचरा, ई-वेस्ट को कम करने, एकल उपयोग प्लास्टिक को रोकने, सतत खाद्य प्रणालियों और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने के संबंध में जन-जागृति, प्रोत्साहन और नियंत्रण के समन्वित प्रयासों पर बल देना होगा। स्कूलों में बच्चों की सहभागिता से पौध-रोपण और पर्यावरण-संरक्षण के कार्य करने होंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में गुजरात मंत्रि-मंडल के वन मंत्री के अपने कार्यकाल के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि छोटे से दिखने वाले प्रारंभिक प्रयास ही बड़े बदलाव लाते हैं। उन्होंने कच्छ के रेगिस्तान में शिक्षक दंपति द्वारा 1500 पौधों का छोटे बच्चों से रोपण कराने, प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्रेरणा से पुनीत वन और अंबाजी के मेले में नव-दम्पत्तियों द्वारा पौध-रोपण, राशि वन, नवग्रह वन, नक्षत्र वन में जन-सहभागिता से पौध-रोपण और बड़े पौधों का रोपण कराने के नवाचारों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने प्रदेश



में अभियान स्तर पर पौध-रोपण के प्रयासों के लिए प्रेरित किया। बच्चों को खान-पान के व्यवहार के सम्बन्ध में सूचित और शिक्षित किए जाने की आवश्यकता बताई। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि पर्यावरण-संरक्षण के कार्यों के लक्ष्य तय किए जाएँ। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए परियोजना बनाई जाए। परियोजना के लक्ष्यों की वार्षिक कार्य-योजना तैयार कर प्रयास किए जाएँ। इसी तरह कार्य करते हुए सभी विश्वविद्यालय, महाविद्यालय और स्कूलों में शत-प्रतिशत पौध-रोपण किया जा सकता है। पौध-रोपण में दो से तीन वर्ष के पौधे ही लगाए जाने चाहिए। उन्होंने वन विभाग को बड़े पौधे उपलब्ध कराने की निर्देश दिए। पर्यावरण विषय पर शोध, प्रशिक्षण तथा परियोजना निर्माण के लिए समन्वय में एप्को की भूमिका को मजबूत बनाने की जरूरत बताई। प्रतिवर्ष साधारण सभा की बैठक, विश्व पर्यावरण दिवस से एक पखवाड़े के भीतर आयोजित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अंकुर अभियान में रोपित पौधों की उत्तरजीविता की जानकारी लेने और मृत पौधों का पुनर्रोपण किए जाने की आवश्यकता बताई। इंदौर के सिरपुर, यशवंत सागर और शिवपुरी के संख्या सागर तालाब को रामसर साइट के रूप में केन्द्र सरकार द्वारा चिन्हित किए जाने पर राज्य सरकार को बधाई दी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के गुणवत्ता मानकों के आधार पर नदियों के प्रदूषण के क्षेत्र को चिन्हित कर खान, शिप्रा, बेतवा और सोन नदी के पर्यावरणीय-संरक्षण के कार्य कराए जाने के लिए कहा। राज्यपाल श्री पटेल ने पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली की दिशा में व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयासों के प्रशिक्षण के लिए तैयार की गई मिशन लाइफ पुस्तक का लोकार्पण संदीपनी सभागार, राजभवन में किया। महानिदेशक एप्को श्री गुलशन बामरा ने एप्को के गठन, गतिविधियों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्य-सूची का बिन्दुवार प्रस्तुतिकरण कार्यपालक संचालक श्री मुजीबुर्रहमान खान ने किया। सभा में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग श्री मलय श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री नीरज मण्डलोई, राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री डी.पी. आहूजा एवं साधारण सभा के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया की रोकथाम के लिये जन-जागरूकता बढ़ाएँ : स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी

## हाट स्पॉट एरिया को चिन्हित कर कार्यवाही करें

भोपाल। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा है कि मलेरिया, डेंगू और



चिकनगुनिया की रोकथाम के लिये जन-जागरूकता बढ़ाएँ। स्वास्थ्य विभाग नगरीय विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं अन्य संबंधित विभागों से समन्वय कर मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया पर नियंत्रण के लिये कारगर पहल करें। ऐसे स्पॉट जहाँ पर मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया के मरीज मिल रहे हैं उनको हॉट स्पॉट के रूप में चिन्हित कर बीमारी नियंत्रण के कारगर उपाय करें। मंत्री डॉ. चौधरी सोमवार को मंत्रालय में राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम की स्टेट टॉस्क फोर्स को संबोधित कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि जिन क्षेत्रों में मच्छरों के होने की जानकारी प्राप्त हो, वहाँ मच्छर-नाशक दवाई का छिड़काव और फॉगिंग करें। नागरिकों को समझाइश दी जाये कि अधिक समय तक पानी के जमा रहने पर मच्छर पनपते हैं। घर के आसपास रखे बर्तनों, कूलर, गमले आदि में पानी को जमा नहीं रहने दें। तालाब में मच्छरों को रोकने के लिये गंबूशिया मछली डाली जायें। गंबूशिया मछली मच्छरों के लार्वा को खाकर मच्छर बढ़ने से रोकती है। अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण श्री मोहम्मद सुलेमान ने कहा कि विभागीय अधिकारी अन्य संबंधित विभागों से समन्वय कर वैक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम पर कारगर पहल करें। वर्ष 2030 तक मलेरिया बीमारी के उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि मलेरिया बीमारी के प्रकरणों में वर्ष 2015 से लगातार कमी आ रही है। शाजापुर, हरदा, आगर-मालवा और टीकमगढ़ में वर्ष 2022 में मलेरिया का एक भी प्रकरण नहीं पाया गया। प्रदेश में मलेरिया की रोकथाम के प्रभावी प्रयास किये जा रहे हैं। बैठक में एमडी एनएचएम श्रीमती प्रियंका दास, आयुक्त नगरीय विकास श्री भरत यादव सहित टॉस्क फोर्स के अन्य सदस्य उपस्थित थे।



# मुख्यमंत्री श्री चौहान कटनी जिले के बंजारी में हेलीपैड पर उतरते ही लाड़ली बहनों से मिलने पहुँचे

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान कटनी जिले के बंजारी स्थित हेलीपैड में हेलीकॉप्टर से उतरते ही अपने लाड़ले भैया मुख्यमंत्री श्री चौहान के इंतजार में पलक पाँवड़े बिछाए बैठी लाड़ली बहनों से सीधे मिलने पहुँचे। उन्होंने लाड़ली बहनों के सिर पर हाथ रख कर उन्हें खुश रहने का आशीर्वाद दिया और कुशलक्षेम पूछा। मुख्यमंत्री श्री चौहान का बहनों ने दिल खोल कर स्वागत किया और उन पर पुष्प-वर्षा की। मुख्यमंत्री का हेलीपैड में आत्मीय स्वागत किया गया। बहने यहाँ मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लिए मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने हाथों में भैया जी को धन्यवाद लिखी तख्तियाँ लेकर खड़ी थीं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भी अपनी लाड़ली बहनों को निराश नहीं किया और पूछा राशि सबके खाते में आ गई है। उन्होंने राखी पुरैनी ग्राम की लाड़ली बहना ममता, ग्राम खरखरी की अनीता और देवराकला की मीराबाई से बात की और बैंक खाते में 1000 रूपये पहुँचने की जानकारी ली। मुख्यमंत्री को बहनों ने बताया कि आपके द्वारा भेजे रूपये मेरे खाते में आ गए हैं। मुख्यमंत्री ने कटनी नगर के पाठक वार्ड निवासी अंजू बर्मन के सिर पर हाथ रख कर कहा-खुश रहो बहना, सब ठीक है। इस पर अंजू ने कहा आप जैसे भाई के रहते सब कुशल मंगल है।

# 'द केरल स्टोरी' को लेकर मध्य प्रदेश ने बदला फैसला टैक्स फ्री के दर्जे को हटाया

नई दिल्ली। बीते कई दिनों से द केरल स्टोरी को लेकर विवाद देखने को मिल रहा है. सुदिप्तो सेन के डायरेक्शन में बनी फिल्म रिलीज के दूसरे दिन मध्य प्रदेश में सरकार ने फिल्म को टैक्स फ्री कर दिया गया था. हालांकि अब सरकार ने अपना निर्णय बदल दिया है. द केरल स्टोरी पांच मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. छह मई को मध्यप्रदेश में ये फिल्म टैक्स फ्री कर दी गई थी. बाद में राज्य के कमर्शियल टैक्स डिपार्टमेंट की ओर से फिल्म से ये दर्जा तुरंत वापस ले लिया. मध्य प्रदेश में फिल्म पर अब टैक्स लगेगा. आपको बात दें कि मध्य प्रदेश में पहला राज्य जिसने फिल्म को टैक्स फ्री कर दिया था. इसके बाद इसे यूपी में फिल्म को टैक्स फ्री कर दिया. इसकी सूचना सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक ट्वीट करके दी. इन दो राज्यों में फिल्म के टैक्स फ्री होने पर दूसरे राज्यों में भी टैक्स फ्री होने की मांग बढ़ने लगी. इस दौरान मध्य प्रदेश ने फिल्म का ये दर्जा वापस ले लिया. द केरल स्टोरी में ऐसा दावा है कि केरल में 30 हजार से अधिक महिलाओं का धर्म बदला डाला गया था. उनका ब्रेनवॉश करके उन्हें इस्लाम धर्म कुबूल कराया गया. उन्हें इसके बाद आतंकी संगठन आईएसआईएस में शामिल कराया गया था. फिल्म में इस कहानी को तीन लड़कियों को लेकर तैयार किया गया है. केरल के सीएम पिनाराई विजयन इस दावे को पूर तरह से गलत बताया है. उनका कहना है कि ये फिल्म फर्जी है. फिल्म की कहानी को लेकर कई तरह के विवाद छिड़े हुए हैं. वहीं दूसरी ओर सिनेमाघरों में इस फिल्म को जनता से अच्छा रिस्पांस मिल रहा है. रिलीज के पांच दिनों के अंदर इस फिल्म ने 56 करोड़ का कारोबार किया है. इस फिल्म का बजट 40 करोड़ से भी कम बताया है.

उपलब्ध हैं।
फाईनेंस / लोन / होम लोन
ग्वालियर मुरैना बामोर गोहद मालनपुर डबरा इत्यादि जगह में आप मकान खरीदने और प्लॉट खरीद कर मकान बनाने के लिए लोन के हैं जरुरत तो करें हमसे संपर्क।
संपर्क करें
07974596469

प्रो. अमित
श्री हनुमते नमः
प्रो. दीपक
मो. 7772843302
9617243208
मो. 9639422665
7024015532
जय दंदरौआ सरकार इन्टरप्राइजेज
डिस्पोजल
दोना पत्तल, डिस्पोजल प्लेट, ग्लास, पत्ते वाली पत्तल, दोने
निर्माता एवं थोक विक्रेता
शादी, पार्टी एवं अन्य शुभ कार्यो आदि में सभी सामान फैक्ट्री रेट पर उपलब्ध है

## विदेश में उच्च शिक्षा के लिए 40 हजार डॉलर प्रतिवर्ष की छात्रवृत्ति योजना

### आवेदन 26 जून तक होंगे जमा

भोपाल। प्रदेश में सामान्य/अनारक्षित वर्ग के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विदेश में स्नातकोत्तर एवं पीचएडी उपाधि के लिए छात्रवृत्ति योजना 2023-24 के तहत आवेदन आंमत्रित किए जा रहे हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 26 जून 2023 निर्धारित की गई है।

**योजना का उद्देश्य**-छात्रवृत्ति योजना में सामान्य एवं अनारक्षित वर्ग के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शासन द्वारा उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजे जाने का प्रावधान किया गया है। इसमें मेरिट के आधार पर विदेश में उच्च शिक्षा के लिए चयनित विद्यार्थियों, जिनके परिवार की आय पर आयकर देय नहीं है, की फीस का भार राज्य शासन द्वारा वहन किया जायेगा। इसमें 20 विद्यार्थियों को लाभांवित किए जाने का लक्ष्य है। विदेश में अध्ययन के पाठ्यक्रम के लिए चयनित आवेदन कर्ता की समस्त स्त्रोत से वार्षिक आय 8 लाख रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश के लिए आवेदनकर्ता की उम्र अधिकतम 25 वर्ष तथा पीएचडी शोध उपाधि के लिए अधिकतम उम्र 35 वर्ष होना चाहिए। योजना में प्रदेश के चयनित प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विशिष्ट क्षेत्रों में स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्क्रमों/शोध उपाधि एवं शोध उपाधि के बाद कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रतिवर्ष जनवरी से जून सत्र के लिए 10 छात्रवृत्ति तथा जुलाई से दिसम्बर सत्र के लिए 10 छात्रवृत्ति स्वीकृत की जायेगी। छात्रवृत्ति योजना में स्नातकोत्तर और पीएचडी उपाधि के लिए दो-दो वर्ष की अवधि के लिए आर्थिक सहायता दी जाएगी। स्नातकोत्तर उपाधि के लिए आवेदक को मध्यप्रदेश एवं देश की किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय, संस्थान से पारम्परिक/स्व-वित्तीय योजना से संचालित पाठ्यक्रम/व्यावसायिक पाठ्यक्रम से उत्तीर्ण होकर विदेश में निर्धारित विश्वविद्यालय से चयनित होने पर नियमानुसार अध्ययन करने की पात्रता होगी।

पुष्पांजली टुडे
आम सूचना / कोर्ट नोटिस
साइज फिक्स रूपये
8×4 cm 1120
10×4 cm 1400
12×4 cm 1680
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

पुष्पांजली टुडे
गुमशुदा / खोया -पाया
नाम परिवर्तन
साइज फिक्स रूपये
8×4 cm 1050
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478